राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

प्रधान सम्पादक – पुरातत्त्वाचार्य जिनविजय मुनि
[सम्मान्य संचालक, राजस्थान पुरातत्त्वान्वेषण मन्दिर, जयपुर]

—)(—

– ग्रन्थाङ्क ८ –

महाकवि उदयराज विरचितं

राजविनोदमहाकाव्यम्

— प्र का श क —

राजस्थान-राज्य-संस्थापित

राजस्थान पुरातत्त्वान्वेषण मन्दिर

(Rajasthan Oriental Research Institute)

जयपुर (राजस्थान)

वि० सं० २०१३] [मूल्य

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

प्रधान सम्पादक – पुरातत्त्वाचार्य जिनविजय मुनि

[सम्मान्य संचालक, राजस्थान पुरातत्त्वान्वेषण मन्दिर, जयपुर]

★

– ग्रन्थाङ्क ८ –

महाकवि उदयराज विरचितं

राजविनोदमहाकाव्यम्

★

— प्र का श क —

राजस्थान-राज्य-संस्थापित

राजस्थान पुरातत्त्वान्वेषण मन्दिर

(Rajasthan Oriental Research Institute)

जयपुर (राजस्थान)

वि० सं० २०१३] [मूल्य

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

प्रकाशित ग्रन्थ

१ प्रमाणमञ्जरी – तार्किकचूड़ामणि सर्वदेव। २ यन्त्रराजरचना – महाराजाधिराज जयसिंहदेव कारिता। ३ कान्हडदे प्रबन्ध – महाकवि पद्मनाभ। ४ क्यामखांरासा – नवाब अलफखां (कविवर जान)। ५ लावारासा – चारण कविया गोपालदान। ६ महर्षिकुलवैभवम् – विद्यावाचस्पति स्व. श्री मधुसूदनजी ओझा। ७ वृत्तिदीपिका – मौनि कृष्णभट्ट। ८ राजविनोद काव्य – कवि उदयराज।

प्रेस में

त्रिपुराभारतीलघुस्तव – सिद्धसारस्वत लघुपण्डित। २ बालशिक्षा व्याकरण – ठक्कुर संग्रामसिंह। ३ करुणामृतप्रपा – महाकवि ठक्कुर सोमेश्वरदेव। ४ पदार्थरत्नमञ्जूषा – पं. कृष्णमिश्र। ५ शकुनप्रदीप – पं. लावण्यशर्मा। ६ उक्तिरत्नाकर – पं. साधुसुन्दर गणी। ७ प्राकृतानन्द – पं. रघुनाथ कवि। ८ ईश्वरविलासकाव्य – पं. कृष्णभट्ट। ९ चक्रपाणिविजयकाव्य – पं. लक्ष्मीधर भट्ट। १० काव्यप्रकाश – भट्ट सोमेश्वर। ११ तर्कसंग्रहफक्किका – क्षमाकल्याण गणी। १२ कारकसंबन्धोद्योत – पं.रभसनन्दी। १३ शृंगारहारावलि – हर्षकवि। १४ कृष्णगीतिकाव्यनि – कवि सोमनाथ। १५ नृत्यसंग्रह – अज्ञातकर्तृक। १६ नृत्यरत्नकोश – महाराजाधिराज कुंभकर्णदेव। १७ नन्दोपाख्यान – अज्ञातकर्तृक। १८ चान्द्रव्याकरण – चन्द्रगोमी। १९ शब्दरत्नप्रदीप – अज्ञातकर्तृक। २० रत्नकोश – अज्ञातकर्तृक। २१ कविकौस्तुभ – पं. रघुनाथ मनोहर। २२ एकाक्षरकोशसंग्रह – विविधकविकर्तृक। २३ शतकत्रयम् – भर्तृहरि, धनसारकृत व्याख्यायुक्त। २४ वसन्तविलास – अज्ञातकर्तृक। २५ दुर्गापुष्पाञ्जलि – म. म. पं. दुर्गाप्रसादजी द्विवेदी। २६ दशकण्ठवधम् – म. म. पं. दुर्गाप्रसादजी द्विवेदी। २७ गोरा बादल पदमिणी चऊपई – कवि हेमरतन। २८ बांकीदासरी ख्यात – महाकवि बांकीदास। २९ मुंहता नैणसीरी ख्यात – मुंहता नेणसी। इत्यादि।

प्राप्तिस्थान – सञ्चालक, राजस्थान पुरातत्त्वान्वेषण मन्दिर, जयपुर।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

महाकवि उदयराज विरचितं

राजविनोदमहाकाव्यम्

सम्पादक

श्रीगोपालनारायण बहुरा, एम० ए०

—: प्रकाशनकर्त्ता :—

श्रीराजस्थान-राज्याज्ञानुसार

संचालक—राजस्थान पुरातत्त्वान्वेषण मन्दिर

(Rajasthan Oriental Research Institute)

जयपुर (राजस्थान)

विक्रमाब्द २०१३] प्रथमावृत्ति ✱ मूल्य [खिस्ताब्द १९५६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशकीय वक्तव्य

प्रस्तुत "राजविनोद" काव्य की रचना कवि उदयराज द्वारा अहमदाबाद के सुप्रसिद्ध सुलतान महमूद बेगड़ा के यशोवर्णन के रूप में हुई है। महमूद बेगड़ा गुजरात का एक महाप्रतापी, शूरवीर और कर्त्तव्यपरायण नरेश हो गया है, जिसका वर्णन सम्बन्धित इतिहासों में विस्तार से मिलता है। उदयराज महमूद बेगड़ा का आश्रित एक संस्कृत कवि था। तत्प्रणीत "राजविनोद" द्वारा मध्यकालीन भारतीय इतिहास के कई नवीन तथ्यों पर प्रकाश पड़ता है तथा राजस्थान की तात्कालिक स्थिति आदि के विषय में भी कितनी ही सूचनाएं प्राप्त होती हैं। सर्व प्रथम डाक्टर बूलर ने सन् १८७५ ई० में बम्बई सरकार के लिये "राजविनोद" की प्रति प्राप्त कर इसका महत्त्व प्रदर्शित किया था। तब से इसके प्रकाशन की आवश्यकता बनी हुई थी।

भाण्डारकर रिसर्च इंस्टीट्यूट, पूना में हमारा जाना हुआ तो वहां पर सुरक्षित बम्बई सरकार के ग्रन्थ-संग्रह से "राजविनोद" की प्रति प्रकाशन के लिये हम अपने साथ ले आए। राजस्थान सरकार द्वारा जयपुर में "राजस्थान पुरातत्त्व मन्दिर" की स्थापना होने पर श्री गोपालनारायण जी बहुरा हमारे सम्पर्क में आये और हमने इनकी साहित्यिक रुचि देख कर "राजविनोद" के सम्पादन का कार्य इनको सौंप दिया। इन्होंने प्रास्ताविक परिचय के साथ-साथ ऐतिहासिक ग्रन्थों के आधार पर महमूद बेगड़ा का वंश-परिचय तथा डा० एच० डी० सांकलिया के दोहाद के शिलालेख का अनुवाद और अनुक्रमणिका आदि से इसे समन्वित करके पुस्तक की उपयोगिता को संवर्धित कर दिया है।

"राजस्थान पुरातन ग्रन्थ माला" के ८ वें पुष्प के रूप में प्रस्तुत रचना को प्रकाशित करते हुए हमें परम प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। इति।

मुनि जिनविजय
सम्मान्य संचालक
राजस्थान पुरातत्त्वान्वेषण मंदिर,
ज य पु र

जयपुर,
ज्येष्ठ कृष्णा ७
वि० सं० २०१३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रास्ताविक परिचय

डाक्टर बूलर ने सन् १८७५ ई० में बम्बई सरकार के लिये 'राजविनोद' नामक काव्य की एक हस्तलिखित प्रति* प्राप्त की। इस काव्य में अहमदाबाद के सुलतान महमूद बेगड़ा के जीवन चरित्र का वर्णन मिलता है।† यह ऐतिहासिक काव्य अभी तक प्रकाशित नहीं हुआ है। डाक्टर बूलर ने 'संस्कृत के हस्तलिखित ग्रन्थों की रिपोर्ट (१८७४-७५) में इस काव्य को एक साहित्यिक विनोद बतलाते हुए इस प्रकार लिखा है :—"उदयराज विरचित 'राजविनोद' अथवा 'ज़फ़र बक्स पातसाहि श्री महमूद सुरत्राणचरित्र', जिसमें अहमदाबाद के सुलतान महमूद बेगड़ा का जीवन-चरित्र वर्णित है, एक विशुद्ध साहित्यिक विनोद है। प्रयागदास के पुत्र और रामदास के शिष्य उदयराज ने महमूद की प्रशंसा करते हुए उसको महान् पराक्रमी, प्रतापी और हिन्दू धर्म

---

* प्रति सं० १८। १८७४–७५ ई० (भा० ओ० रि० इ०)

† बेगड़ा का जन्म १४४५ ई० में हुआ था। उसका नाम फ़तहखाँ था। वह १४५८ से १५११ ई० तक ५३ वर्ष गुजरात का सुलतान रहा। उसके समय की कुछ मुख्य मुख्य घटनायें इस प्रकार हैं:—

१४६७–७० ई० जूनागढ़ का युद्ध।

१४७२ ई० कच्छ और सिन्ध पर आक्रमण।

१४७३ ई० द्वारका पर अधिकार; मन्दिर का तोड़ना।

१४६५ ई० महमूद द्वारा बहरोट, पारनेर के किलों और दम्मन के बन्दरगाह पर अधिकार करने के लिये सेना भेजना। महमूद के सेनानायक अल्पखान द्वारा संजान की पारसी बस्ती का ध्वंस (१४६५ अथवा १४६१ ई०)।

१४७६ ई० वातरक पर महमूदाबाद का बसाना।
रानपुर विजय।

१४८२–८४ ई० चम्पानेर की लड़ाई। पावागढ़ का २० महीने तक घेरा।

१४८४ ई० (नवम्बर) पावागढ़ पर आक्रमण और विजय।

१४६१–६४ ई० बहमनी राज्य के बहादुर गिलानी द्वारा गुजरात के समुद्री किनारे पर हमले। गिलानी को पराजित करके मार डाला गया।

१५०८ ई० खान देश के तख्त पर महमूद द्वारा अपने आदमी को बिठाना।

१५०८–६ ई० चौल और दीव पर पुर्तगालियों से झगड़ा।

१५११ ई० (२३ नवम्बर) महमूद की ६७ वर्ष की अवस्था में मृत्यु। उसकी मृत्यु के थोड़ी ही देर पहले महमूद को दिल्लीश्वर की ओर से भेंट प्राप्त हुई। (पृ० २०७)। (कोमिसरियट—History of Gujrat, Vol. I (1938) P. 130)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

का रक्षक बतलाया है, मानो वह कोई कट्टर हिन्दू राजा हो। कवि ने क्षत्रिय राजा के समान वर्णन करते हुए लिखा है कि वह राजन्यचूड़ामणि है, श्री और सरस्वती दोनों उसकी सेवा करती हैं दानवीरता में वह कर्ण से भी बढ़ कर है और उसके पूर्वज मुज़फ्फरखाँ ने श्रीकृष्ण की कलिकाल के विरुद्ध सहायता की थी। यह चरित्र सात सर्गों में वर्णित है। पहले सर्ग में २६ श्लोक हैं और इसमें सुरेन्द्र-सरस्वती-सम्वाद रूप से काव्य की भूमिका बाँधते हुए यह वर्णन किया है कि ब्रह्मा ने इन्द्र को सरस्वती की खोज करने के लिये भेजा। इन्द्र ने उसे महमूदशाह के सभामण्डप में पाया। सरस्वती ने अपने वहाँ रहने का कारण बताते हुए महमूद का कीर्तिगान किया। दूसरे सर्ग का नाम 'वंशानुकीर्त्तन' है। इसमें ३१ श्लोक हैं और महमूदशाह की वंशपरम्परा का वर्णन है। इसमें दिया हुआ वंशानुक्रम इतिहास के अनुसार सही ज्ञात होता है। "सभा समागम' नामक तीसरे सर्ग मे ३३ श्लोकों में महमूद के सभा प्रवेश का वर्णन है। दरबार में कौन-कौन से राजा और सभ्य उपस्थित होते थे, इसका वर्णन सर्वावसर नामक चतुर्थ सर्ग में ३३ श्लोकों में किया गया है। पाँचवें सर्ग में सङ्गीतरङ्गप्रसङ्ग का ३५ श्लोकों में वर्णन है और छठे सर्ग में विजययात्रोत्सव वर्णन के ३६ श्लोक हैं। सातवें सर्ग का नाम 'विजय लक्ष्मीलाभ' है और इसमें ३७ श्लोकों में महमूद के सामरिक पराक्रम का वर्णन है। पातशाह की उदारता के अतिशयोक्तिपूर्ण वर्णन से ज्ञात होता है कि कवि को उसके दरबार से पर्याप्त दक्षिणा मिली होगी अथवा मिलने की आशा रही होगी।"

अहमदाबाद के प्रसिद्ध सुलतान महमूद बेगड़ा (१४५८ ई० १५११ ई०) के दरबारी कवि उदयराज विरचित ऐतिहासिक काव्य की इस दुर्लभ प्रति* पर यह टिप्पणी पर्याप्त नही है। सामान्यतः गुजरात के इतिहास और विशेषतः गुजरात के सुलतानों के इतिहास में रुचि रखनेवाले एवं अन्य साहित्यिक अभिरुचि वाले विद्वानों के परिचय के लिए यह दुष्प्राप्य ग्रन्थ प्रकाशित किया जा रहा है। इसकी प्रति† भाण्डारकर ओरियण्टल रिसर्च इंस्टीट्यूट पूना से प्राप्त की गई है और इसी संस्थान के संग्रहाध्यक्ष श्री पी० के० गोडे के मन्तव्यानुसार इस काव्य को आवश्यक टिप्पणियों सहित प्रस्तुत किया गया है।

राजविनोद के प्रत्येक सर्ग के अन्त में निम्नलिखित पद्य दिया हुआ है जिसमें सुलतान महमूद के वंशानुक्रम का वर्णन है:—

श्रीमान् साहिमुदफ्फरः समजनि श्रीगूर्ज्जरक्ष्मापति—
स्तस्मात्साहि महम्मदस्समभवत्साहिस्ततोऽहम्मदः ।
जातः साहिमहम्मदोऽस्य तनुजो गायासदीनाख्यया
ख्यातः श्रीमहमूदसाहिनृपतिर्जीयात्तदीयात्मजः ॥

एपिग्राफिका इन्डिका जि० २४ भाग ५, जनवरी १९३८ पृ० २१२ पर डाक्टर एच. डी.

* आफ्रेट ने 'राजविनोद' की भाण्डारकर संग्रहालयवाली प्रति के अतिरिक्त और किसी प्रति का उल्लेख नहीं किया है। (C C I. 502). कृष्णमाचारि ने भी History o Classical Sanskrit Literature, Madrass, 1937 P. 271, 433 में इसी एक प्रति क उल्लेख किया है।

† गव्हर्नमैन्ट मैनिस्क्रिप्ट लाइब्रेरी, भा. ओ. रि. इ. पूना, सं० १८। १८७४-७५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

साँकलिया द्वारा सम्पादित दोहाद का एक शिलालेख प्रकाशित हुआ है। महमूद बेगड़ा का यह लेख विक्रम सम्वत् १५४५ शक सम्वत् १४१० (१४८८ ई०) का है। इस लेख में दिए हुए वंशानुक्रम और ऊपर दिये हुए पद्यान्तर्गत क्रम को इस प्रकार मिलाया जा सकता है:—

राजविनोद (१४५८–१५११ ई०)	दोहाद का शिलालेख (१४८८ ई०)
१—साहि मुदफ्फर (१३९२-१४१० ई०)	१—शाहिमुदाफर
२—साहि महम्मद (१) का पुत्र (तस्मात्समभवत्)।	२—महम्मद (१) का पुत्र (तत्पुत्रः)।
३—साहि अहम्मदः (१४११–१४४२ ई०) इसके बाद (ततः)।	३—अहम्मद (इसका वंशज) 'तस्यान्वये प्रसूतः'
४—साहि महम्मद (३) का पुत्र (तस्य तनुजः जातः) '१४४२-१४५१ ई०।	४—साह महम्मद (३) का पुत्र (तस्मादभूत्)।
५—महमूदसाहि (४) का पुत्र 'तदीयात्मजः' (१४५८-१५११ ई०)।	४—साह महमूद 'अन्वये जातः'

इन वंशावलियों से विदित होगा कि चार पीढ़ी के नाम तो ज्यों के त्यों मिलते हैं केवल महमूद (बेगड़ा) को राजविनोद में तो महम्मद का पुत्र लिखा है 'जीयात्तदीयात्मजः' और दोहाद के शिलालेख में उसको साह महम्मद का वंशज 'तस्यान्वये जातः' लिखा है। डाक्टर साँकलिया ने मुसलमान इतिहासकारों के आधार पर इन सुलतानों का वंशानुक्रम* इस प्रकार लिखा है—(१) मुज़फ्फरशाह (मुज़फ्फर १), २—अहमदशाह (अहमद), (३) उसका पुत्र मुहम्मदशाह (मुहम्मद), (४) उसका पुत्र क़ुतुबुद्दीन (क़ुतुबुद्दीन अहमदशाह), (५) दाऊद और (६) महमूद १, मुहम्मदशाह का द्वितीय पुत्र।

सम्वत् १५८७ में पण्डित विवेकधीरगणि नामक जैन विद्वान् ने शत्रुञ्जयतीर्थोद्धार-प्रबन्ध नामक एक ऐतिहासिक प्रबन्ध की रचना की है जिसका सम्पादन मुनि श्रीजिनविजयजी ने करके सम्वत् १९७३ में भावनगर की जैन आत्मानन्द सभा द्वारा प्रकाशित कराया है। सम्वत् १५८७ में चित्तौड़ के रहनेवाले ओसवाल जाति के कर्माशाह ने लाखों रुपये खर्च करके शत्रुञ्जय के मुख्य मन्दिर का जीर्णोद्धार कराया और उसका प्रतिष्ठा महोत्सव किया। उस समय वहाँ पर गुजरात के सुलतान बहादुरशाह का राज्य था। इसी बहादुरशाह की आज्ञा प्राप्त करके यह जीर्णोद्धार कार्य सम्पन्न किया गया था। इसलिये इस ऐतिहासिक प्रबन्ध में गुजरात के इन सुलतानों का संक्षेप में वंश वर्णन दिया गया है। बहादुरशाह, जिसके समय में जीर्णोद्धार कार्य सम्पन्न हुआ, प्रस्तुत राजविनोद काव्य में वर्णित महमूदशाह अर्थात् महमूद बेगड़ा का पौत्र था। इसलिये इसमें इसके वंश का उल्लेख होना स्वाभाविक है। इस ऐतिहासिक प्रबन्ध में गुजरात के सुलतानों के वंशानुक्रम के विषय में निम्नलिखित श्लोक मिलते हैं :—

---

* एपिग्राफिया इन्डिका, जनवरी १९३८, पृ० २१४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पीरोजशाहेः समयेऽथ जज्ञे श्रीगूर्जरत्रा भुवि पादशाहिः ।
मुज्जफुराह्वः(१)खगुणाब्धिचन्द्रमितेषु (१४३०) वर्षेषु च विक्रमार्कात् ।।१४।।
अहिमदशाहिर्जज्ञे(२) तत आशेष्वब्धिचन्द्रमितवर्षे (१४५४)
दिग्रसवेदेन्द्वब्दे (१४६८) योऽस्थापयदहिमदाबादम् ।।१५।।
महिमुन्द(३)कुतुबदीनौ(४) शाहिमहिमुंद(५)वेगडस्तवनु ।
यो जीर्णदुर्गचम्पकदुर्गौ जग्राह युद्धेन ।।१६।।
उल्लास २; पृ० १३ ।

इतिहास के विशेषज्ञ इन वंशावलियों की छानबीन करके इन पर विशेष प्रकाश डालेंगे ।

राजविनोद महाकाव्य का रचयिता उदयराज अवश्य ही महमूद का दरबारी कवि था क्योंकि उसने इस काव्य में उसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की है । यह विचारणीय है कि धार्मिक कट्टरता के लिये प्रसिद्ध महमूद ने* उदयराज जैसे हिन्दू पण्डित को अपने आश्रय में कैसे रक्खा । यों तो इस काव्य के रचनाकाल का निर्धारण करने के लिये यह कहा जा सकता है कि महमूद के शासन काल १४५८ ई० से १५११ ई० के बीच में ही यह लिखा गया था परन्तु अवश्य ही यह उस समय रचा गया होगा जब महमूद का भाग्य उदय के शिखर पर पहुँच चुका था । प्रस्तुत काव्य के चतुर्थ सर्ग में उन सभी राजाओं का वर्णन आया है जिनको महमूद ने अपने आधीन कर लिया था । इसके अतिरिक्त अलग अलग राजाओं के पद और सम्मान आदि का भी इस सर्ग के पद्यों से पता चलता है:—

"राज्ञोऽस्य वेत्रधरवत्तपदावकाशान्देशाधिपान् सदसि कृतप्रवेशान् ।"
१, स० ४

इस प्रसङ्ग में मालवराज और दक्षिणनृप का वर्णन इस प्रकार है:—

'वेषं विशेषरुचिरं दधतादरेण हस्तारविन्दसमुदञ्चितचामरेण ।
राजा विराजतितरां परिहूयमानो गोष्ठीषु दक्षिणनृपेण विचक्षणेन ।।१०।। स० ४.

एतस्य चण्डभुजदण्डपराक्रमेण निःशेषखण्डितरणाङ्गणशौण्डभावः ।
सर्वस्वमेव निजजीवितरक्षणाय दण्डं समर्प्पयति मालवमण्डलेशः ।।११।। स० ४

फिर ७ वें सर्ग में 'मालव' के लिए लिखा है:—

"त्यक्त्वा लुंठितदेशकोशविषयो द्राग्दुर्गमानग्रहं
राजन् जीवितमात्रलाभमधुना कांक्षत्यसौ मालवः ।।२६।।

सम्भवतः दक्षिण के निज़ामशाह पर जब मालवा के महमूद खिलजी ने १४६२-६३ ई० में हमला किया तब सुलतान महमूद (बेगडा) ने जो मालवा के विरुद्ध सैनिक सहायता दी थी,

* महमूद ने अपने आज्ञाकारी गिरनार के माण्डलिक राजा को इस्लाम धर्म ग्रहण करने के लिये बाध्य किया । (देखो डा. एस. के. बनर्जी कृत 'हुमायूं बादशाह' संस्करण १९३८ पृ० ११२ और कैम्ब्रिज हिस्ट्री ऑफ़ इण्डिया, भा० ३, पृ० ३०५) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यहाँ उसी से अभिप्राय है; यदि यह सच है तो यह काव्य १४६३ ई० के बाद का रचा हुआ होना चाहिए ।

इसी चतुर्थ सर्ग के बारहवें श्लोक में मेवाड़ के राणा कुम्भा का वर्णन है:—

"यः पार्थिवः खलु कुम्भकर्णः कर्णेन वर्णमुचितं सहते तुलायाः ।
सोऽयं करोति महमूदनृपस्य सेवां दण्डे वितीर्णवरभूरिसुवर्णभारः ।।१२।।

इसके अतिरिक्त सातवें सर्ग में भी मेदपाट के राजा का जिकर है । इससे स्पष्ट है कि महमूद और राणा कुम्भा समकालीन थे । राणा कुम्भा* ने १४३३ से १४६८ ई० तक राज्य किया था । इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि "राज विनोद" का रचना काल १४६२ से १४६९ के बीच में है ।

दोहाद के शिलालेख (१४८८ ई०) में बहुत सी उन घटनाओं का भी उल्लेख मिलता है जिनका राजविनोद में कोई वर्णन नहीं है । यदि राजविनोद के रचना काल के विषय में उपरोक्त अनुमान ठीक मान लिया जावे तो इसका समाधान सहज ही में हो सकता है । क्योंकि शिलालेख का समय राज विनोद के समय से लगभग २० वर्ष बाद का है जिसमें महमूद के १४५८ ई० से १४८८ ई० तक ३० वर्षों के राज्यकाल का वर्णन मिलता है ।

दोहाद के शिलालेख की भाषा, शैली और विषय को देखते हुए यह भी एक धारणा बनती है कि सम्भवतः राजविनोद नामक ऐतिहासिक काव्य और दोहाद के शिलालेख, दोनों का रचयिता एक ही हो । इन दोनों की समानता के कुछ अंश इस प्रकार हैं:—

---

* महाराणा कुम्भा वि० सं० १४९० (ई० सं० १४३३) में चित्तौड़ के राजसिंहासन पर बैठा ।.....पिछले दिनों में महाराणा को उन्माद रोग हो गया था ।..... एक दिन वह कुम्भलगढ़ में मामादेव (कुम्भ स्वामी) के मन्दिर के पास जलाशय के तट पर बैठा हुआ था उस समय उसके राज्यलोभी पुत्र ऊदा (उदयसिंह) ने कटार से उसे अचानक मार डाला । यह घटना वि० सं० १५२५ (ई० सं० १४६८) में हुई । (श्री गौरीशंकर हीराचन्द ओझा कृत 'राजपूताने का इतिहास' पृ० ६३३–६३४) इस सम्बन्ध में देखिए—मुहाणोत नैणसी की ख्यात, पत्र १२, पृ० १ । वीर विनोद, भा० १ पृ० ३३४ ।

इतिहास और शिलालेखों के आधार पर महमूद और राणा कुम्भा में कोई लड़ाई होना अथवा राणा का उसके आधीन होना नहीं पाया जाता है । महमूद के पूर्वज क़ुतुबुद्दीन से अवश्य ही कुम्भा का युद्ध हुआ था जबकि उसने मालवा के महमूदशाह के साथ मिल कर चित्तौड़ पर आक्रमण किया था । इस युद्ध में क़ुतुबुद्दीन और मालवा का सुलतान दोनों ही राणा से हार कर अपने अपने देशों को लौट गए थे । (देखिए—वि० सं० १५१७ (ई० स० १४६०) मार्ग० बु० ५ का कीर्तिस्तम्भप्रशस्ति लेख) ।

प्रस्तुत काव्य में कवि परम्परा के अनुसार ही कवि ने अपने प्रशंसनीय सुलतान के समकालीन, प्रसिद्ध और पराक्रमी कुम्भा को उसके आधीन होना लिख दिया है । डा० साँकलिया द्वारा सम्पादित दोहाद के शिलालेख में भी कुम्भा का महमूद के साथ कोई सम्बन्ध वर्णित नहीं है । (सं०) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उदयराजकृत राजविनोद	दोहाद का शिलालेख
१—काव्य पद्यात्मक है ।	१—लेख पद्यात्मक है ।
२—काव्य की भाषा संस्कृत है ।	२—लेख संस्कृत भाषा में है ।
३—काव्य की हस्तलिखित प्रति डा० बूलर ने गुजरात में प्राप्त की ।	३—लेख बड़ौदा से उत्तर-पूर्व में ७७ मील पर दोहाद में प्राप्त हुआ ।
४—राजविनोद की हस्तलिखित प्रति में सन् सम्वत् नहीं दिया हुआ है परन्तु लेख व पृष्ठ मात्रा के आधार पर १५०० और १६०० ई० के बीच की लिखी ज्ञात होती है ।	४—शिलालेख विक्रम सम्वत् १५४५ शक सम्वत् १४१० (२४ आपरेल, १४८८ ई०) का लिखा हुआ है ।
५—राजविनोद महमूद बेगडा के शासन-काल (१४५८ से १५११ ई०) में ही रचा गया था । अथवा, जैसे कि ऊपर अनुमान लगाया गया है १४६३ से १४६९ के बीच में लिखा गया था ।	५—शिलालेख भी महमूद बेगडा के शासन काल में ही उसके राज्यारोहण के समय से लगभग ३० वर्ष बाद १४८८ ई० में लिखा गया था ।
६—राजविनोद सरस्वती वन्दना से आरम्भ होता है । प्रथम सर्ग को सुरेन्द्र सरस्वती-सम्वाद नाम दिया गया है । वास्तव में, सम्पूर्ण काव्य ही सरस्वती के द्वारा अभिगीत है । 'महमूदपातसाहेः अभिनववर्णने प्रसक्ता सरस्वती सरसपदानि व्यतानीत् ॥३२॥ स० ४ ।	६—शिलालेख भी काश्मीरवासिनीदेवी अर्थात् सरस्वती की वन्दना से प्रारम्भ होता है । (डा० साँकलिया का नोट एपि० इंडिका जन० १९३८ पृ० २१३) । डा० साँकलिया का कथन है कि यह देवी ब्राह्मी अथवा सरस्वती प्रतीत होती है । राजविनोद में भी सरस्वती को 'ब्राह्मि' नाम से सम्बोधित किया है । (पद्य २ सर्ग २रा)
७—राजविनोद में दिया हुआ बेगड़ा का वंशानुक्रम इस प्रकार है:— मुदफ्फर, महम्मद, (१) अहम्मद, महम्मद, (२) महमूद । यह वंशानुक्रम मुसलमान इतिहासकारों के आधार से भिन्न है ।	७—शिलालेख में दिया हुआ वंशानुक्रम भी इस प्रकार है:— मुदाफर, महंमद, (१) अहंमद, महम्मद, (२) महमूद । यह वंशानुक्रम भी मुस्लिम इतिहासकारों द्वारा दिये हुये वंशानुक्रम से भिन्न है ।
८—राजविनोद के दूसरे सर्ग के ३० पद्यों में महमूद के पूर्वजों के पराक्रम का वर्णन	८—शिलालेख में कुल २६ पद्य हैं जिनमें से पहले ६ पद्यों में तो महमूद के पूर्वजों

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उदयराजकृत राजविनोद	दोहाद का शिलालेख
है। शेष सर्गों में स्वयं महमूद के पराक्रमों (१४५८ से १४६९ ई० तक) का वर्णन है।	का वर्णन है और शेष २० पद्यों में महमूद के राज्यकाल में १४५८ ई० से १४८८ ई० तक की घटनाओं का वर्णन है।
९—प्रथम सर्ग के तीसरे पद्य में कवि ने लिखा है कि "पूजोपहाराय मयोपनीतः कवित्व-पुष्पञ्जलिरेष रम्यः।" इससे विदित होता है कि महमूद की कृपा प्राप्त करने के लिये (सम्भवतः) उसके दरबार में प्रवेश पाने के लिये ही यह काव्य लिखा गया था।	९—शिलालेख की रचना का प्रकार प्रायः राजविनोद के समान ही है। ऐसा प्रतीत होता है कि राजविनोद के कर्ता ने ही बहुत समय तक सुलतान की कृपा का उपभोग कर चुकने के बाद इसकी रचना की थी। शिलालेख में बहुत से ऐसे पुरुषों और स्थानों का उल्लेख है जिनका राजविनोद में वर्णन नहीं है। अतः स्पष्ट है कि यह राजविनोद के रचना-काल से शिलालेख के समय (१४८८ ई०) तक की घटनाओं का वर्णन उसी कवि ने इस लेख में किया है।
१०—राजविनोद में महमूद के पूर्वज अहंमद को अहंमदेन्द्र लिखा है। (पृ० ५ व ६)	१०—शिलालेख में भी अहंमद को अहंमदेन्द्र लिखा है। (पद्य ४)
११—राज विनोद, सर्ग २, पद्य १८ में महमूद द्वारा पावागढ़ पर आक्रमण करने का वर्णन है:— **"यस्य प्रतापभरपावकसङ्गमेन दग्धस्य पावकगिरेः शिखरान्तरेषु। प्रेक्षन्त जर्ज्जरसुधाविधुराणि भस्म- राशिप्रभाभि रिपवो निजमन्दिराणि ॥"**	११—शिलालेख में पावकदुर्ग पर (नवम्बर १४८४ ई०) चढ़ाई का उल्लेख यों किया है:— **"जित्वा पावक (दुर्गं) पित्राऽरुद्धं प्रतापतापूर्वं ॥१०॥ महमूदपड़ीपालप्रतापेनैव पावकम्। प्रविश्य ज्वालितं सर्वं वैरिवृन्दं पतंगवत्॥११॥ जीवंतं तत्पतिं (बद्ध्वा) दुर्गं नीत्वा महाबलं। चकार तत्पुरे राज्यं महमूदमहीश्वरः॥१२॥** डा० साँकलिया ने लिखा है कि पावागढ़ लेने के लिये अहंमद का प्रयत्न असफल हुआ था। (एपि० इण्डि०, जन० १९३८ पृ० ३२१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उदयराजकृत राजविनोद	दोहाद का शिलालेख
१२—मुदफर के पुत्र महंमद के विषय में वर्णन करते हुए राजविनोद (सर्ग २ प० १०) में नन्दपद और पल्लिवन का उल्लेख है:—	१२—दोहाद शिलालेख के पद्य १८ में पल्लिदेश का उल्लेख है। इस देश पर बेगड़ा सुलतान के मुख्य मन्त्री इमादल का शासन था—
"आद्याप्यहो नन्दपदाधिनाथा भल्लूकवत्पल्लिवने भ्रमन्ति" ॥९॥	**"पल्लीदेशाधिकारं च पुण्यं पुण्यमतिस्तदा दुष्टारिहृदये राज्यं दुर्ग्गमेनं चकार वै ॥१८॥"**
फिर, नन्दपद के राजाओं के विषय में लिखा है:—	डा० साँकलिया का मत है कि गोधरा तालुका में पाली नामक स्थान ही पल्लि देश है।
'विभिन्नप्राकारसौधस्फुरद्देहमालाः' यहाँ 'विभिन्न प्राकार' पद से विदित होता है कि पल्लिवनान्तर्गत नन्दपद में उस समय कोई किला भी था।	पल्लीवन और पल्लिदेश एक ही हैं।
यहाँ मुदफर के पुत्र महम्मद के समय के पल्लिवन से तात्पर्य्य है।	यहाँ बेगड़ा के समय के पल्लि देश से तात्पर्य है।
१३—राजविनोद में 'गायासदीन' उपाधि का प्रयोग महमूद बेगड़ा के पिता महम्मद के लिए हुआ है:— **"गायासदीन इति साहि महंमदेन्द्रः"**	१३—दोहाद शिलालेख के पद्य ७ में—"श्री ग्यास (दीन) प्रभोः अन्वये साह श्री महमूद वीर नृपतिः... जातः" लिखा है। यह भी महमूद के पिता ही की उपाधि है, महमूद की नहीं, जैसाकि पद्य पढ़ने से प्रतीत होता है। महमूद को सिक्कों और लेखों में 'नासिर उद्दुनियाँ वा-उद्-दीन' (संसार और धर्म का रक्षक) लिखा है। अहमद (१) के पुत्र महंमद (२) को भी सिक्कों में गायासउद्दीन लिखा है। (एपि० इन्डि० जन० १९३८ पृ० २१६)

इस प्रकार दोहाद के शिलालेख और राजविनोद काव्य की तुलना करने से हम नीचे लिखे निष्कर्षों पर पहुँचते हैं:—

(१) प्रयागदास का पुत्र उदयराज महमूद बेगड़ा (१४५८-१५११ ई०) का हिन्दू राजकवि था।

(२) उदयराज ने यह सप्तसर्गात्मक 'राजविनोद महाकाव्य' संस्कृत में लिखा है और इसमें महमूद बेगडा व उसके पूर्वजों का वर्णन है। यह काव्य बेगड़ा के राज्य के पहले दस वर्षों (१४५८-१४६९) में लिखा गया था।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(३) इसके बाद भी दो दशकों तक वह महमूद के दरबार में ही रहा और उसके पूर्वजों व उसके पराक्रमों के वर्णन में अभिरुचि रखता रहा ।

(४) राजविनोद और दोहाद के शिलालेख की तुलना से यह धारणा बनती है कि यह शिलालेख इसी कवि की पूर्व रचना की संक्षिप्त और सम्पूर्ण आवृत्तिमात्र है ।

'एपिग्राफिआ इन्डिका' जनवरी, सन् १९३८, भाग २४ अंक ४ में यह लेख इसके मूल सम्पादक डाक्टर एच० डी० साँकलिया की टिप्पणी सहित प्रकाशित हुआ है जो बहुत महत्त्वपूर्ण है । उक्त लेख को ज्यों का त्यों एवं डाक्टर साँकलिया की टिप्पणी का अनुवाद, आवश्यक टिप्पणियों सहित, इसी पुस्तक में पृष्ठ २३ से प्रकाशित किया जा रहा है ।

जैसा कि ऊपर सूचित किया गया है इस काव्य की एकमात्र प्राचीन हस्तलिखित प्रति बम्बई सरकार के संग्रहालय की सम्पत्तिरूप है जो पूना के भाण्डारकर ओरिएन्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट में सुरक्षित है । इस प्रति के कुल २८ पन्ने हैं । इसके लिखे जाने का कोई समयोल्लेख प्रति में नहीं दिया गया है । इससे यह तो निश्चित नहीं कहा जा सकता कि यह किस समय में लिखी गई होगी परन्तु, प्रति की जीर्ण-शीर्ण अवस्था देखते हुए प्रतीत होता है कि यह प्रायः रचनाकाल के बहुत पीछे लिखी हुई नहीं है; और यह तो निश्चित ही है कि उसी शताब्दी में लिखी हुई तो अवश्य है । इसको किसी राम नामक लिपिकार ने अपने आत्मज के पठनार्थ लिखा है । यह कथन अन्तिम उल्लेख से ज्ञात होता है । पाठकों के अवलोकनार्थ, प्रति के अन्तिम पत्र का चित्र भी अन्यत्र दिया जाता है जिससे प्रतिकी लिपि आदि का साक्षात् परिचय मिल सकेगा । प्रति का पाठ प्रायः शुद्ध है । पूरे काव्य में कोई ४-५ ही स्थल ऐसे दृष्टिगोचर होते हैं जो अशुद्ध कहे जा सकते हैं । इससे मालूम होता है कि लिपिकार श्रीराम स्वयं अच्छा संस्कृत का विद्वान् होगा ।

महमूद बेगड़ा गुजरात के सुलतानों में प्रसिद्ध और लोकप्रिय सुलतान हुआ है । सभी हिन्दू अथवा मुसलमान इतिहास लेखकों ने समान रूप से इसकी प्रशंसा लिखी है । इन्हीं के आधार पर अंग्रेज इतिहासकारों ने भी इसके इतिहास पर पूर्ण रूप से प्रकाश डाला है । मूलतः यह सुलतान राजपूत वंश का था और इसके पूर्वजों ने किस प्रकार सत्ता हाथ में लेकर गुजरात का स्वतंत्र राज्य स्थापित किया, इसका विवरण 'मीराते सिकन्दरी' 'मीराते अहमदी,' 'तवारीख मोहम्मदशाही,' कॉमिसरियट् की 'हिस्ट्री ऑफ गुजरात' व किन्लाक् फार्ब्स् कृत 'रासमाला' आदि पुस्तकों के आधार पर संक्षिप्त रूप से 'वंश परिचय' शीर्षक लेख में अन्यत्र दिया गया है । इस लेख में आवश्यक पाद-टिप्पणियों के साथ राज-विनोद महाकाव्य के वे श्लोक भी उद्धृत किए गए हैं जिनसे मुख्य-मुख्य ऐतिहासिक घटनाओं पर प्रकाश पड़ता हैं । इससे यह भी स्पष्ट हो जावेगा कि राजविनोद महाकाव्य केवल साहित्यिक विनोद न होकर अपना ऐतिहासिक महत्त्व भी रखता है ।

इस महाकाव्य के कर्त्ता कवि उदयराज के विषय में अभी और कोई विशेष परिचय प्राप्त नहीं है । कृति को देखते हुए यही प्रतीत होता है कि वह महमूद का समकालीन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कवि था। सम्भव है, उसके दरबार में भी उसे स्थान प्राप्त हो। प्रस्तुत काव्य के द्वारा कितनी ही ऐतिहासिक घटनाओं व महमूद के चरित्र पर तो प्रकाश पड़ता ही है, साथ ही अपनी कृति के लिए समयानुसार विषय चुनकर संस्कृत काव्य परम्परा की शृंखला में एक कड़ी जोड़ने का श्रेय भी कवि को अवश्य ही प्राप्त है।

इस कृतिके इस प्रकार संपादन और प्रकाशन में राजस्थान पुरातत्त्वमन्दिर के सम्मान्य संचालक आचार्य श्रीजिनविजयजी की ही प्रेरणा और मार्ग-दर्शन मुख्यतः कारणभूत हैं, अतः इनके प्रति आन्तरिक कृतज्ञभाव प्रकट करना अपना परम कर्त्तव्य मानता हूँ।

यदि मध्यकालीन इतिहास के विशेषज्ञ इस ऐतिहासिक काव्य से अपनी गवेषणा में कोई सहायता प्राप्त करके इतिहास के तथ्यों पर अधिक प्रकाश डाल सकेंगे तो इसके प्रकाशन का श्रम सफल समझा जा सकेगा।

गोपालनारायण

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

महमूदबेगड़ा का वंश-परिचय

गुजरात के राजपूत सुलतानों का मूलपुरुष जिसने इस्लाम धर्म अंगीकार किया था उसका नाम सहारन था। बाद में उसको उपाधि व उपनाम वज़ीर-उल्-मुल्क हुआ। वह टांक (तक्षक) जातीय सूर्यवंशी क्षत्रिय* था इसीलिए गुजरात के इतिहास में इसके वंशजों का 'राजपूत सुलतान' नाम से उल्लेख किया गया है।

भगवान् श्री रामचन्द्र जी से कितनी ही पीढ़ियों बाद मुहुस हुआ। उसी के कुल में क्रम से दुर्लभ, नाक्त, भूक्त, मंडन, भुलाहन, शीलाहन, त्रिलोक, कुँअर, दरसप, हरीमन, कुँअरपाल, हरीन्द्र, हरपाल, किन्द्रपाल, हरपाल और हरचन्द हुए। सहारन हरचन्द का पुत्र था और थानेश्वर के पास एक गाँव में रहता था। उसके छोटे भाई का नाम साधु था। वे दोनों भाई जमींदारी का काम करते थे।

एक बार दिल्ली के बादशाह मुहम्मद तुग़लक के काका का लड़का शाहज़ादा फ़ीरोज़शाह शिकार को निकला और अपने साथियों से बिछुड़ कर सहारन के गाँव के पास जा पहुँचा। उस समय सहारन, उसका छोटा भाई साधु और दूसरे राजपूत एक जगह बैठे हुए थे। एक राजपूत ने फीरोज के पैर में राजचिह्न पहचान लिया। सहारन और साधु उसे अपने घर ले गए और उसका आगत-स्वागत किया। साधु की बहन ने उसे शराब पिलाई और उसी की लहर में फीरोज ने अपना परिचय दे दिया। साधु की बहन और फीरोज की शादी हो गई। तदनन्तर, वे दोनों भाई फीरोजशाह के साथ दिल्ली चले गये और इसलाम धर्म को ग्रहण कर लिया। बादशाह ने सहारन को वज़ीर-उल्-मुल्क का खिताब दिया। वज़ीर-उल्-मुल्क के जफ़रखाँ और शमशेर खाँ नामक दो लड़के हुए। जफ़र खाँ ही आगे चल कर मुजफ्फर खान के नाम से इस वंश का गुजरात का प्रथम शासक हुआ।

बादशाह के कहने से सहारन और साधु ने कुतुब उल् आफ़ताब-हजरत मखदुम जहानिआँ से इसलाम धर्म की दीक्षा ली थी। सहारन का पुत्र जफ़र खाँ भी इन्हीं महात्मा का शिष्य था। एक दिन हजरत के मठ पर कुछ फकीर इकट्ठे हुए। उस समय महात्मा मुखदुम के पास खाने पीने का कुछ भी सामान नहीं था। जफ़र खाँ को यह बात मालूम थी। वह तुरन्त ही अपने घर से व बाजार से मिठाइयाँ आदि ले आया और सभी फकीरों को भोजन करा दिया। फ़क़ीरों ने तृप्त होकर ज़ोर से 'अल्लाहो अकबर' का नारा लगाया। जब मुखदुम जहानिआँ को यह बात मालूम हुई तो उन्होंने जफ़र खाँ को बुलाकर प्रसन्नता पूर्वक कहा 'जो तुमने फक़ीरों को भोजन कराकर तृप्त किया है उसके बदले में मैं तुम्हें सम्पूर्ण गुजरात की हुकूमत प्रदान करता हूँ।' इस प्रकार जफ़रखाँ को फकीर का वरदान प्राप्त हुआ।

---

*वंशस्सहस्रांशुभवो जगत्यां जागर्त्यसौ राजभिरर्चनीयः।
कर्णोपमो यत्र किलावतीर्णः श्रीमान् साहि मुदफ्फरेन्द्रः ॥१॥ राजविनोद-सर्ग २

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हिजरी सन् ७९३ (१३९१ ई०) में यह खबर आई कि गुजरात के सूबेदार मुकर्रर खाँ ने जो रास्ती खाँ के नाम से प्रसिद्ध था, बलवा कर दिया। उसी वर्ष के रबीउल-अव्वल महीने की दूसरी तारीख को सुलतान मोहम्मद ने जफ़र खाँ को एक लाल तम्बू बख्शीश किया और निज़ाम मुकर्रर खाँ को दण्ड देने के लिए गुजरात की तरफ़ भेजा। उसी महीने की चौथी तारीख को सुलतान मोहम्मद जफ़र खाँ को विदा करने के लिए होज़खास पर गया और उसके पुत्र तातार खाँ को अपने पास रखकर पुत्रवत् पालन करने का वचन दिया।

हिजरी सन् ७९४ (१३९२ ई०) में सनहुमन नामक ग्राम के पास जफ़र खाँ और मुकर्रर की मुठभेड़ हुई और इस लड़ाई में जफरखाँ विजयी हुआ। निज़ाम युद्ध में मारा गया और जफ़र ने पाटण में प्रवेश किया।

सन् ७९५ हिजरी में खान खम्भात[1] की तरफ़ गया और मुसलमानी रीति के अनुसार गुजरात को अपने आधीन कर लिया।

हिजरी सन् ८०६ (ई० स० १४०३) में मुजफ्फरशाह ने तातार खाँ को गद्दी सौंप दी और उसको नासिरउद्दीन मोहम्मद शाह की पदवी धारण कराई। वह स्वयं आशावल कसबेमें आकर रहने लगा और सब झंझट छोड़ दिया।

सुलतान मोहम्मदशाह इसी वर्ष के जमादिउल आखिर महीने में आशावल कसबे में तख्त पर बैठा। एक सप्ताह बाद ही उसने नाँदोल[2] के हिंदुओं पर चढ़ाई की और उनको हराया। फिर, उसने अपने लश्कर को साथ लेकर दिल्ली की ओर कूच किया। यह खबर सुनकर इक़बाल खाँ के मन में बहुत संताप उत्पन्न हुआ[3]। परन्तु शअबान

---

(१) समुद्गिरन् कच्छमहीषु येन डिण्डीरपाण्डूनि यशांसि खड्गः।
स्फूर्जद्द्विषच्छोणितपङ्कलिप्तः प्रक्षालितः पश्चिमवारिराशौ ॥३॥
रा० वि० सर्ग २

(२) यस्य प्रसिद्धैर्द्विरदैर्विभिन्नप्राकारसौधस्फुरदट्टमालाः।
अद्याप्यहो नन्दपदाधिनाथा भल्लूकवत् पल्लिवने भ्रमन्ति ॥९॥
रा० वि० सर्ग २।

(३) तवारीख मोहम्मदशाही में लिखा है कि फीरोज़शाह के पुत्र सुल्तान मोहम्मद की मृत्यु के बाद दिल्ली में एक बड़ा विद्रोह हुआ। प्रत्येक विद्रोही सरदार दिल्ली का तख्त प्राप्त करना चाहता था।.....इसी बीच में दिल्ली का राज्य कार्यभार एक वकील (प्रतिनिधि) के रूप में इकबाल खाँ के हाथ में आया। उस समय तातार खाँ पानीपत में था उसको जीतने के लिए इकबाल खाँ पानीपत को रवाना हुआ। तातार खाँ अपना सब सामान किले में रखकर लड़ाई के लिए तैयार हुआ और दिल्ली में घेरा डाला। तीसरे दिन इक़बाल खाँ ने पानीपत का किला जीतकर तातार खाँ के सामान पर अधिकार कर लिया। तातार खाँ ने गुजरात से लश्कर लाकर दिल्ली पर चढ़ाई करने का इरादा किया इसलिए वह अपने बाप से आकर मिला। इकबाल खाँ का वैर और दिल्ली का तख्त उसके मन से दूर न हुए। इकबाल खाँ भी उससे सशङ्क रहता था। निम्नांकित पद्य में सम्भवतः मल्लखान से इकबालखां का ही तात्पर्य है:—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के महीनेमें तातार खाँ की तबीयत एकदम बिगड़ गई और अच्छे अच्छे वैद्यों के दवा करने पर भी कोई फायदा नहीं हुआ। अन्त में, तातार खाँ की मृत्यु हो गई और उसका शव पाटण में लाकर दफ़नाया गया।

गुजरात की हकीकत जानने वाले लोगों का कहना है कि कुछ दिखावटी मित्रों के कहने से तातार खाँ ने अपने पिता ज़फर खाँ को कैद कर दिया था और स्वयं मोहम्मद-शाहका नाम धारण करके गद्दी पर बैठ गया।.....कुछ दिनों बाद उसके पास रहनेवाले जफ़रखाँ के हितचिन्तकों ने उसे जहर दे दिया। इसीलिए लोग उसको 'खुदाई शहीद' (The Martyred Lord) कहते हैं। इससे भी प्रतीत होता है कि उसकी मृत्यु स्वभाविक रूप से नहीं हुई थी।

सुल्तान मोहम्मद की मृत्यु के बाद जफ़र खाँ फिर गद्दी पर बैठा। राज्य के नौकर चाकर सब उसके आधीन हो गए और उसने भी सबको आश्वासन दिया।

प्राचीन इतिहास लेखकों ने लिखा है कि सुलतान मोहम्मद की मृत्यु के बाद राज्य के बड़े बड़े अमीरों और अधिकारियों ने इकट्ठे होकर जफ़र खाँ से प्रार्थना की कि बादशाह के वंश में दिल्ली के शासन को सम्हालने वाला अब कोई नहीं रह गया है और वहाँ पर गड़बड़ी फैल रही है। गुजरात के शासन जैसे बड़े कार्य को सम्हालनेवाला आपके सिवाय अन्य पुरुष दिखाई नहीं देता है। अतः समस्त प्रजा का यह मत है कि आप गुजरात का राजच्छत्र धारण करें। इससे सबको आनन्द होगा। ऐसी इच्छा रखने-वालों की प्रार्थना पर (?) वीरपुर ग्राम में हि० स० ८१० (१४०७ ई०) में सुलतान मोहम्मद की मृत्यु के तीन वर्ष और सात महीने बाद जफ़र खाँ ने राज्यछत्र धारण करके मुज़फ्फरशाह नाम धारण किया।[1]

इस प्रकार सुलतान का पद धारण करने के पश्चात् मुजफ़्फ़रशाह ने मालवा में धार के हाकिम अलपखान (दिलावरखाँ के पुत्र) को आधीन करने के लिए चढ़ाई की और उसको कैद करके उसके देश का शासन नुसरत खाँ को सौंप दिया।

इसी बीच में खबर मिली कि जवानपुर के सुलतान इब्राहीम ने दिल्ली पर अधिकार करने की नीयत से कन्नोज के आगे लड़ाई का निशान रोप दिया है। उस समय दिल्ली के तख्त पर सुलतान मोहम्मदका पुत्र महमूद था। उसकी सहायता करने के लिए मुज़फ्फर-शाह ने दिल्ली की तरफ़ कूच किया। यह खबर सुनकर सुलतान इब्राहिम वापस जवानपुर चला गया। सुलतान मुज़फर ने उसका पीछा किया और फिर अपनी

उदित्वरो यस्य बभौ जगत्यां सहस्रभानुप्रतिमः प्रतापः।
यो मल्लखानाख्यमुलूकमिन्द्रप्रस्थस्थमुद्वेजितवान् द्विषन्तम् ॥८॥
रा० वि० सर्ग २।

(१) दिल्लीपुराद् गूर्ज्जरदेशमेत्य दधार यो मूर्द्धिन सितातपत्रम ॥२॥
रा० वि० सर्ग २।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

राजधानी को लौट आया। उस समय वह धार के पूर्व शासक अलपखाँ को अपने साथ लेता आया था।

अलपखाँ एक वर्ष तक कैद में रहा। इसी बीच में उसी के एक उमराव मूसा खाँ ने, जो माँडू का हाकिम था, मालवे के थोड़े से भाग पर अधिकार कर लिया। इस पर अलपखाँ ने अपने हाथ से एक अर्जी लिखकर मुजफ्फरशाह के पास भेजी कि मेरे एक अधीनस्थ उमराव ने मालवे के कुछ हिस्से पर कब्जा कर लिया है; यदि आप मुझे इन बेड़ियों से मुक्त करके उपकार की कैद में डाल दें तो थोड़े ही समय में मालवे पर पुनः अधिकार प्राप्त करके अपनी शेष आयु आपके गुलाम की तरह बिताऊँगा। सुलतान ने उसपर कृपा करके मुक्त[1] ही नहीं कर दिया वरन् अपने पुत्र अहमदखाँ को लश्कर देकर सहायता के लिए उसके साथ भी भेजा। मूसाखाँ में सामना करने की शक्ति कहाँ थी? वह भाग गया और शाहजादा अलपखाँ को गद्दी पर बिठा कर वापस आया।

मुजफ्फरशाह ने हिजरी सन् ८१२ (ई० १४०९) में कुम्भकोट के हिन्दुओं के विरुद्ध खुदावन्द खाँ की सरदारी में फौज भेजी जो विजयी होकर वापस आई।

मुजफ्फरशाह की मृत्यु के विषय में तवारीख बहादुरशाही में इतना ही लिखा है कि सुलतान की मृत्यु हि० स० ८१३ (ई० स० १४१०) में हुई। कुछ जानकार लोग इस वृत्तान्त के विषय में इस प्रकार कहते हैं कि आशावल कसबे के कोलियों ने सुलतान की सत्ता को स्वीकार नहीं किया और घाट बाट पर लूट पाट करने लगे। मुजफ्फरशाह ने एक हजार सिपाही साथ देकर अहमदखाँ को उन्हें दबाने के लिए भेजा। अहमदखाँ ने शहर से बाहर निकल कर विद्वानों को बुलाया और उनसे प्रश्न किया कि 'एक शख्श किसी दूसरे शख्श के बाप को बिना कुसूर मार डाले तो उससे बाप के मारने का बदला लेना धर्मानुकूल है या नहीं?" सभी विद्वानों ने कहा "बदला लेना ठीक है।" विद्वानों की यह सम्मति एक कागज पर लिखाकर अहमदखाँ ने अपने पास रक्खी। दूसरे दिन वह अपने सवारों सहित शहर में दाखिल हुआ और सुलतान को कैद करके मार डाला। सुलतान ने मरते समय अहमदखाँ को कुछ शिक्षाएं दीं, जो इस प्रकार हैं :—

"पुत्र! तुमने इतनी जल्दी क्यों की? कुरान में लिखा है कि मृत्यु तो अन्त में आवेगी ही—एक घड़ी पहले या पीछे। मेरी इन शिक्षाओं पर ध्यान रखना। इनसे तुझे लाभ होगा।

जिन लोगों ने तुझे यह काम करने के लिए उकसाया है उनसे दोस्ती मत रखना वरन् उनको मार डालना क्योंकि दगाबाज का खून हलाल (उचित) है।

शराब पीने का शौक बिलकुल मत करना क्योंकि शराब के प्याले में दुःख के समुद्र का तूफान रहता है।

---

(१) मुमोच बन्दीकृतमल्पखानमनल्पवीर्यं बलवत्तरो यः।
वंश्यास्ततो मालवराजबन्दिमोक्षपदाख्यं विरुदं वहन्ति ॥४॥ रा० वि० सर्ग २।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शेख मलिक और शेर मलिक को मार डालना क्योंकि ये राज्य में बखेड़ा करने वाले हैं ।

तू हमेशा कृपावन्त रहना । यदि तू अपने ही सुख में डूबा रहेगा तो देश में सुख चैन नहीं रह सकेगा ।

गरीब दरवेशों (सन्तों) की फिकर रखना क्योंकि प्रजा के बल पर ही राजा ताज धारण किए रहता है ।

प्रजा मूल है और सुलतान वृक्ष है । हे पुत्र ! मूल ही से वृक्ष मजबूत होता है । इसलिए जहाँ तक हो सके वहाँ तक प्रजा से बिगाड़ नहीं करना चाहिए । हे पुत्र ! यदि ऐसा करोगे तो तुम अपनी ही जड़ काट डालोगे ।"

इसके थोड़ी ही देर बाद सुलतान इस क्षणभंगुर संसार को छोड़कर चल बसा[1] । यह घटना सफ़र महीने के अन्तिम दिनों में हुई । उसको पाटण शहर के किले के अन्दर कब में दफ़नाया गया ।

मुज़फ्फरशाह के बाद उसका पौत्र सुलतान मोहम्मद का पुत्र अहमदशाह—सुल्तान अहमद नासिरुद्दीन अबुलफ़त अहमदशाह का पद धारण करके हिजरी सन् ८१३, तारीख १४ रमज़ान के महीने में गद्दी पर बैठा । उस समय उसकी आयु २१ वर्ष की थी ।

अहमदशाह के गद्दी पर बैठते ही उसके चचेरे भाई फ़ीरोज खाँ ने अपना हक प्रकट किया और भडौंच में अपनेआपको सुलतान घोषित कर दिया । परन्तु अहमदशाहने कुछ समय के लिए उसके विद्रोह को दबा दिया । इसके बाद सुलतान ने आशावल[2] ग्राम की जलवायु को अपने अनुकूल मानते हुए वहीं पर १४१२ ई० में एक नगर बसाया जो उसीके नाम पर अहमदाबाद कहलाया[3] । आशावल ग्राम भी इस बड़े नगर का ही एक हिस्सा बन गया । अहमदाबाद उसी समय से गुजरात के बादशाहों की राजधानी रहता आया है ।

---

१ मुजफ्फरशाह की मृत्यु २७ जनवरी सन् १४११ ई० को हुई । रासमाला पृ० ४३४

२ आशावल ग्राम आशा नामक भील के नाम पर बसा हुआ था । यहीं पर कर्ण सोलंकी ने - कर्णावती पुरी बसाई थी । अलबेरूनी ने भी ४ शताब्दी पूर्व येशावल नगर का जिकर किया है ।

३ अहमदाबाद का कोट हि० स० ८१६ (१४१३ ई०) में बन कर तैयार हुआ था । कहते हैं कि इस नगर की नींव रखने में अहमद नाम के चार व्यक्तियों का हाथ था । एक, कुतुबुल मुशायख शेख अहमद खतु, दूसरा सुलतान अहमद, तीसरा शेख अहमद और चौथा मुल्ला अहमद । पिछले दोनों व्यक्ति बहुत विद्वान् थे ।

राज विनोद में अहमदशाह द्वारा नगर बसाए जाने का कोई वर्णन नहीं है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उसी वर्ष के अन्त में फीरोज खाँ ने फिर राजगद्दी का दावा किया और मोड़ासा के स्थान पर अपना झण्डा खड़ा किया। ईडर का राव रणमल भी उसके साथ हुआ परन्तु शाह ने रूपनगर स्थान पर उनको परास्त कर दिया और राव व फीरोज खाँ प्राण बचाकर पहाड़ियों में भाग गए। थोड़े दिन बाद राव में और फीरोज खाँ में भी अनबन हो गई और रणमल ने उसके हाथी और घोड़े छीन कर शाह को भेंट कर दिए।

मालवा के सुल्तान हुशंगशाह ने गुजरात के शत्रुओं को आश्रय दिया तथा इस देश पर १४११ ई० व १४१८ ई० में हमले किये परन्तु शाह ने उसको हर बार परास्त कर दिया। अहमदशाह ने भी १४१९ ई० में मालवा पर हमला किया और हुशंगशाह को भागकर माँडू के किले में शरण लेनी पड़ी[1]। १४२२ ई० में अहमदशाह ने फिर मालवा पर आक्रमण किया परन्तु वह माँडू के किले पर अधिकार करने में सफल न हुआ।

हि० स० ८१७ (१४१५ ई०) में अहमदशाह को गिरनार का किला देखने की इच्छा हुई इसलिए उसने विद्रोहियोंको उसी दिशा में खदेड़ा। उस समय तक सौराष्ट्र के किसी भी राजा ने मुसलमानों के आगे सिर नहीं झुकाया था इसलिए सोरठ के राजा पर शेर मलिक को आश्रय देने का बहाना बना कर शाह ने उस पर आक्रमण कर दिया। हिन्दू राजा ने सामना तो किया परन्तु मुसलमानों की युद्धप्रणाली से अनभिज्ञ होने के कारण वह जल्दी ही हार गया और भाग खड़ा हुआ। शाह ने गिरनार के किले तक उसका पीछा किया। इसके बाद कुछ वार्षिक कर देना स्वीकार करलेने पर वह अहमदाबाद लौट गया। रास्ते में उसने सिद्धपुर के देवालयों को नष्ट करके बहुत सा धन व जवाहरात प्राप्त किए।

गुजरात के बलशाली राजाओं के अतिरिक्त छोटे छोटे सरदारों को भी वश करने व उनसे कर वसूल करने में अहमदशाह को खूब प्रयास करना पड़ा था। ये लोग अपने अपने किलों में छुप जाते थे और जंगलों में भाग जाते थे इसलिए इनसे कर वसूल करने में बहुत कठिनाई पड़ती थी। अन्त में शाह ने इन पर वार्षिक कर नियुक्त कर दिए और इनकी जमीनें व किले इनको वापस कर दिये।

१४२६ ई० में शाह ने फिर ईडर पर विजय प्राप्त करने की इच्छा की। वह जानता था कि ईडर के राज्य पर अधिकार रखना उसके काबू से बाहर की बात थी। वह यहाँ का क़िला कभी भी न ले सका था; इसलिए उसने यहाँ के रावों पर आतंक जमाने के लिए हाथमती नदी के किनारे एक विशाल किला बनवाना शुरू किया। यह क़िला ईडरगढ़ पर झुके हुए पर्वत शिखरों पर से स्पष्ट दिखाई पड़ता था। बादशाह ने इसका नाम अहमदनगर रक्खा। तत्कालीन ईडर का राव पूँजा तो

---

१ "हुशङ्गशाहेरधिवासदुर्गमाक्रामता मण्डपमाग्रहेण।
येनोच्चकैराचकृपे करेण पदे पदे मालवमण्डलश्रीः ॥११॥" रा० वि० सर्ग २.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एक खड्डे में गिरकर मर गया और उसके पुत्र नारायणदास ने चाँदी के तीन लाख टंक वार्षिक कर देना स्वीकार करके संधि करली [1]। परन्तु दूसरे ही वर्ष १४२८ ई० में वह संधि टूट गई और अहमदशाह ने १४ नवम्बर को वह क़िला जीत लिया। वहीं पर उसने एक विशाल मसजिद भी बनवाई।

इसके बाद (८३५ हि०, १४३१ ई०) दक्षिण के बहमनी सुलतान, सालसेट, माहिम और बम्बई द्वीप पर सुलतान ने विजय प्राप्त की। दिव, घोघा और खम्भात के द्वीप भी गुजरात के इस सुलतान के अधिकार में थे। कितनी ही बार गुजरात की विजयिनी सेना इन द्वीपों से सोने चाँदी और ज़रकशी के कपड़े व जवाहरात लेकर घर लौटी थी।[2]

अहमदशाह की मृत्यु ४ जुलाई सन् १४४३ ई० को अहमदाबाद नगर में हुई और उसको जामा मसजिद के सामने दफ़नाया गया।

गुजरात के सुलतानों में अहमदशाह को बहुत प्रजाप्रिय और न्यायी सुलतान के रूप में याद किया जाता है। एक कवि ने उसके लिए लिखा है कि "हे राजा! तेरे न्यायपूर्ण समय में किसी मनुष्य को फरियाद करने की आवश्यकता नहीं पड़ी[3]।" यह कविता प्रेमी और गुणग्राहक था।

अहमदशाह के बाद उसका पुत्र मुहम्मदशाह गद्दी पर बैठा। यह बहुत विलासी[4] था और राजकाज में विशेष रुचि नहीं रखता था। इसमें बादशाह के पदयोग्य बुद्धि भी नहीं थी; परन्तु, वह बहुत उदार[5] था इसीलिए उसको लोग 'ज़रबख्श' कहते थे[6]।

गद्दी पर बैठते ही उसने ईडर पर चढ़ाई की। राव कुछ दिनों तक तो इधर उधर पहाड़ियों में छिपता रहा, बाद में उसने अपने अपराधों के लिए क्षमा माँग ली। १४४६ ई० में सुलतान ने चम्पानेर[7] के रावल गंगादास पर चढ़ाई की और उसको हराकर किले में भाग जाने के लिए बाध्य किया। परन्तु, गंगादासने बाद में मालवा के खिलजी सुलतान को अपनी सहायता के लिए राजी कर लिया

(१) फरिश्ता।

(२) इन सब घटनाओं का उल्लेख राजविनोद के इस श्लोक में किया गया है -
विभज्य दुर्गाणि निहत्य वीरान् हठान् महाराष्ट्रपतिं विजित्य।
जग्राह रत्नाकरसारजातमनर्गलैर्यः स्वबलैर्बलीयान्॥१२॥ रा० वि० सर्ग २.

(३) कुर्वन्तु गर्वं बहवोऽप्यखर्वमुर्व्वीश्वराः श्रीगुणगौरवेण।
अहम्मदेन्द्रस्य जतानुरागसौभाग्यलेशं न परे लभन्ते॥१३॥ रा० वि० सर्ग २.

(४) रूपश्रियैव विजितः समभून् मनोभूः श्रीमन्महम्मदनराधिपतेरनङ्गः।
अस्य स्त्रियः खलु जगज्जयिनोऽपि तस्य वीक्ष्यैव तत्क्षणममुं विवशीबभूवुः॥१६॥
रा० वि० सर्ग २.

(५) रा० वि० १७,१६ सर्गः २; (६) मीराते सिकन्दरी।

(७) रा० वि० १८, स० २

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तब इस नवीन शत्रु के सामने मुहम्मदशाह न टिक सका और बुरी तरह हारकर लौट गया[1]। थोड़े ही समय बाद हि० स० ८५५ (ई० १४५१-५२) के मोहर्रम मास की २०वीं तारीख़ को उसकी मृत्यु हो गई।[2]

मुहम्मदशाह के बाद हि० स० ८५५ (१४५१ ई०) के मोहर्रम मास की ११ वीं तारीख को उसका बड़ा शाहज़ादा कुतुबउद्दीन तख्त पर बैठा। उसी समय उसे मालूम हुआ कि राजधानी से कुछ ही मील की दूरी पर मालवा के सुलतान की सेना आ पहुँची है इसलिए आगे बढ़कर उसका सामना किया। मालवा के महमूद खिलजी को वापस लौटना पड़ा और कुतुब की जीत हुई। इसके बाद इन दोनों सुलतानों ने मिलकर हिन्दुओं के विरुद्ध युद्ध-योजना करते रहने की प्रतिज्ञा की और मेवाड़ के राणा कुम्भा के राज्य को आपस में बाँट लेने का मनसूबा किया।

मुजफ्फरशाह के भाई का वंशज शम्स खां उस समय नागौर का स्वामी था इसलिए उसने राणा के विरुद्ध सहायता करने के लिए कुतुबशाह से प्रार्थना की। शाह ने अपनी फौजें उसकी सहायता के लिए भेजीं परन्तु राणा ने उन्हें बुरी तरह हरा दिया। इस पर कुतुबशाह फिर नागौर की तरफ स्वयं रवाना हुआ और मेवाड़ के अधीनस्थ सिरोही के राजपूतों को जीत लिया। फिर वह पहाड़ी मार्ग से कुम्भलमेर के किले की ओर बढ़ा परन्तु बीच ही में राणा ने उस पर आक्रमण कर दिया। इसके बाद राणा में और कुतुबशाह में सन्धि हो गई।

अब, मालवा के सुलतान ने कुतुबशाह को फिर भड़काया और चम्पानेर के स्थान पर राणा के राज्य को आपस में बाँट लेने की संधि पर हस्ताक्षर किए। दूसरे वर्ष, कुतुबशाह ने फिर आबूगढ़ को जीत लिया। वहाँ कुछ फौज छोड़कर वह सिरोही पहुँचा और एकबार फिर राणा से संधि हो गई। अगले वर्ष १४५८ ई० में राणा ने फिर नागौर पर चढ़ाई की। बहुत देर करके कुतुबशाह उसका सामना करने के लिए रवाना हुआ और जय प्राप्त करता हुआ कुम्भलमेर की तरफ़ बढ़ा परन्तु उसको बीच ही में रुकना पड़ा। इसके थोड़े ही दिनों बाद वह अहमदाबाद लौट गया और मर गया।

कुतुबउद्दीन के बाद हिजरी सन् ८६३ (१४५८-५९) के रजब महीने की २३ वीं तारीख को अहमदशाह का पुत्र दाऊद गद्दी पर बैठा। परन्तु वह बिलकुल अयोग्य सिद्ध हुआ [3] इसलिए गुजरात के अमीरों व उच्च राज्याधिकारियों ने निर्णय किया

---

(१) रासमाला (२) अथवा उसको जहर दे दिया गया। देखो रासमाला; मीराते सिकन्दरी, तवारीख अहमदशाही।

३ राजविनोद में कुतुबुद्दीन और दाऊद का कोई वर्णन नहीं है। दाऊद का नाम न होने का तो कारण स्पष्ट है क्योंकि उसने केवल ७ ही दिन राज्य किया परन्तु कुतुबुद्दीन ने तो ८ वर्ष के लगभग राज्य किया था और मेवाड़ के राणा व मालवा के सुलतान से युद्ध करके उसने कीर्तिलाभ भी किया था। अन्य हिन्दू एवं मुसलमान इतिहासकारों ने उसका उल्लेख किया है। इसका कारण यह प्रतीत होता है कि कुतुबुद्दीन फतहखाँ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कि मुहम्मदशाह के पुत्र फतहखाँ को गद्दी पर बिठाना चाहिए क्योंकि उसमें बादशाह होने के गुण भी पाए जाते हैं और आकृति में भी वह भव्य है।

फतहखाँ महमूदशाह के नाम से हि० स० ८६३ (१५१० ई०) के शअबान मास की पहली तारीख, रविवार के दिन अहमदाबाद में तख्त पर बैठा। उस समय उसकी अवस्था तेरह वर्ष की थी।[1] यही महमूदशाह आगे चल कर महमूद बेगड़ा के नाम से प्रसिद्ध हुआ और यही राजविनोद काव्य का चरित्र-नायक है।

तख्त पर बैठने के थोड़े ही दिन बाद कुछ अविचारशील सरदारों ने वज़ीर ईमादउल् मुल्क के साथ झगड़ा करके उसको मार देने का षड्यन्त्र किया। परन्तु, सुलतान ने धीरज और चतुराई से ऐसी व्यवस्था की कि सब विद्रोह शांत हो गया और इसके बाद में वज़ीर के विरुद्ध सर उठाने की किसी भी सरदार की हिम्मत न पड़ी।]

सन् १४६७ ई० में महमूद ने सोरठ पर चढ़ाई की परन्तु इस बार उसको विशेष सफलता नहीं मिली इसलिए उसने बहुत से जवाहरात और नकदी की भेंट लेकर राव से शत्रुता बन्द कर देने की आज्ञा दे दी[2]।

(महमूद बेगाडा का पहला नाम) का सौतेला भाई था और शुरू से ही उससे द्वेष रखता था। फतह खाँ की माता सिन्ध के बादशाह जाम जानु- हन की पुत्री थी। उसका नाम बीबी मुघली था। उसकी दूसरी बहन बीबी मिरधी थी। पहले उनके पिता ने बीबी मिरधी की शादी गुजरात के सुलतान मुहम्मदशाह के साथ और मुघली की हज़रत कुतुबुल आफताब के पुत्र हज़रत शाह आलम के साथ करने का निश्चय किया था। परन्तु बीबी मघुली अधिक सुन्दरी थी इसलिए मुहम्मदशाह ने अपनी सत्ता और द्रव्य के दबाव से उसकी शादी अपने साथ करवाली। बीबी मिरधी का विवाह हज़रत शाह आलम के साथ हो गया। मुहम्मदशाह की मृत्यु के बाद कुतुबुद्दीन के व्यवहार से असन्तुष्ट होकर मुघली अपने पुत्र फतह खाँ को लेकर शाहआलम के आश्रय में आकर रही। कुछ समय बाद बीबी मिरधी की मृत्यु हो गई और मुघली ने शाहआलम के साथ पुनर्विवाह कर लिया। इस प्रकार फतहखां का पालनपोषण व शिक्षा दीक्षा हज़रत शाह आलम ही ने किया। बीबी मुघली ने अपनी सेवाओं से प्रसन्न करके उनसे फतहखाँ के लिए गुजरात के तख्त का वरदान भी प्राप्त कर लिया था। कुतुबखां ने कई बार फतह खाँ को मार देने के प्रयत्न किए परन्तु हज़रत ने उसकी हर बार रक्षा की। राजविनोद महमूद की प्रशस्ति में उसके आश्रित कवि द्वारा रचा हुआ काव्य है अतः इसमें कुतुब का उल्लेख जानबूझ कर नहीं किया गया है। कविने तो यहां तक किया है कि कुतुबुद्दीन ने राणा कुम्भा पर जो विजय प्राप्त की थी उसका श्रेय भी अपने वर्णनीय आश्रयदाता महमूद को ही दे दिया है। वास्तव में राणा कुम्भा और महमूद बेगड़ा में किसी युद्ध का होना इतिहास में नहीं पाया जाता है। (सं.)

(१) मीराते सिकंदरी

(२) रासमाला।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परन्तु, इससे उसको संतोष नहीं हुआ और वह फिर गिरनार पर हमला करने का बहाना ढूंढने लगा । दूसरे ही वर्ष उसे बहाना मिल भी गया ।

राव माण्डलिक राजचिन्हों को धारण किए हुए किसी मन्दिर में पूजा करने के लिए गया । जब महमूद को यह समाचार मिला तो उसे वह सहन नहीं कर सका और तुरन्त चालीस हजार फौज लेकर राव को शिक्षा देने के लिए रवाना हो गया । राव में इतनी सामर्थ्य नहीं थी कि वह मुसलमानों का सामना करता इसलिए उसने मुँहमाँगा कर दे दिया और राजचिह्न भी सुलतान को भेंट कर दिए । परन्तु, यह सब व्यर्थ हुआ और परम शूरवीर पृथ्वीराज चौहान का यह कथन कि 'एक बार उड़ाई हुई मक्खी की तरह शत्रु भी फिर-फिर कर वापस आता है' उस पर ठीक ठीक लागू हो गया । उसी वर्ष के अन्त में महमूद ने सोरठ पर फिर चढ़ाई कर दी । राव ने अपनी प्रजा को संकट से बचाने के लिए फिर मुँहमाँगा धन देना चाहा परन्तु महमूद ने उसे इसलाम धर्म स्वीकार करने के लिए बाध्य किया । राव ने कुछ उत्तर न देकर किले के दरवाजे बन्द कर लिए और महमूद ने घेरा डाल दिया । अन्त में, राव ने देखा कि उसके दुःखों का अन्त नहीं है तो उसने किले की चाबियाँ सुलतान को सौंप दी और उसके कहने के अनुसार क़लमा पढ़ लिया । (१४७० ई०)[१]

इस विजय के अनन्तर महमूद ने विभिन्न प्रांतों से बहुत से सय्यदों और विद्वानों को सोरठ में बसने के लिए बुलाया और एक नगर भी बसाया । इस नगर का नाम मुस्तफाबाद पड़ा । कहते हैं, यह नगर बहुत जल्दी ही तैयार होकर राजधानी की समानता करने लगा था । वर्ष का कुछ भाग महमूद यहीं बिताता था ।

जब वह इस नए नगर के भवनों का निरीक्षण कर रहा था उसी समय यह समाचार मिला कि कच्छ के निवासियों ने गुजरात पर आक्रमण कर दिया है इसलिए वह उधर चढ़ चला और बहुत जल्दी ही उनको अपनी आधीनता स्वीकार करने के लिए बाध्य कर लिया । इसके अनतन्र महमूदशाह ने सिन्ध के जाटों और बलूचियों पर चढ़ाई की और सिन्धु नदी तक देश के अंतरंग में घुसता चला गया । ये घटनाएं ई० स० १४७२ में हुई ।[२]

सिन्ध की चढ़ाई के बाद महमूद ने जगत (द्वारका) और शङ्खोद्धार (बेट) द्वीप के सरदारों पर चढ़ाई की । इसका कारण यह बतलाया जाता है कि मौलाना मोहम्मद समरकन्दी ने सुलतान के पास आकर द्वारका व बेट द्वीपके ब्राह्मणों की शिकायत की और महमूद ने उधर चढ़ाई कर दी । उसने द्वारका की बहुत सी

(१) मीराते सिकन्दरी के लेखक का कहना है कि रावने सुलतान के कहने से इसलाम धर्म स्वीकार नहीं किया था वरन् एक फक़ीर का चमत्कार देखकर ऐसा किया था । उसे यह बोध देने वाले रसूलाबाद के पीर शाहआलम थे ।

(२) कॉमिसरियट्—हिस्ट्री आफ़ गुजरात, भा० १ (१९३८), पृ० १३०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इमारतों व मूर्तियों को तुड़वा दिया। इसके बाद वहीं एक मसजिद बनवाने के विचार से चार महीनों तक फौज को रोके रहा। तदनन्तर, शङ्खोद्धार द्वीप पर चढ़ाई की। वहाँ के राजा भीम ने २२३ बार युद्ध किया परन्तु अन्त में महमूद का बेड़ा पार उतर गया और बहुत से राजपूत मारे गए। एक छोटीसी नाव में बैठकर भागता हुआ भीम पकड़ लिया गया और अहमदाबाद में लाकर मार दिया गया।[1]

सन् १४७९ ई० की बरसात में सुलतान अहमदाबाद की तरफ गया और शरद ऋतु में मुश्तफाबाद आकर रहने लगा। वहीं आस पास के जंगलों में वह शिकार के लिए निकलता था। कुछ दिनों बाद वह फिर अहमदाबाद आ गया। एक बार वह शिकार खेलता हुआ अहमदाबाद से ईशानकोण में बारह कोस की दूरी पर वात्रक नदी तक जा पहुँचा। वहाँ उसे ज्ञात हुआ कि लोग जभी तभी लूट पाट कर लेते हैं इसलिए उसके मन में विचार आया कि इस स्थान पर एक नगर बसाया जावे और उसका नाम महमूदाबाद रक्खा जावे। उसी समय नगर की नींव रख दी गई और बहुत जल्दी ही वह बन कर तैयार हो गया।

इसके बाद ही हि० स० ८८५ (ई० स० १४८०) में कुछ मुसलमान सरदारों ने महमूद को पदभ्रष्ट करके उसके पुत्र अहमद (मुज़फ्फर) को तख्त पर बिठाने का षड्-यन्त्र रचा। सुलतान ने उनका ध्यान बटाने के लिए चम्पानेर पर चढ़ाई करने के विषय में उनसे मंत्रणा की। परन्तु, वे उसकी बातों में न आए। अतः चम्पानेर की चढ़ाई कुछ समय के लिए स्थगित रही। बाद में १४८२ ई० में उसने फिर चम्पानेर पर आक्रमण करने की तैयारियाँ की। परन्तु, उसी समय उसका ध्यान सूरत के दक्षिण में बलसाड़ के जहाजियों की ओर गया जिनका प्रभाव इतना बढ़ गया था कि वे केवल व्यापार ही नहीं करते थे प्रत्युत उनकी ओर से उसके राज्य पर भी हमला होने की आशंका होने लगी थी। महमूद ने खम्भात में एक बेड़ा इकट्ठा किया जिसमें तीरंदाज व बन्दूकें तथा तोपें चलाने वाले सभी लोग थे। यह बेड़ा जहाजों में चढ़कर रवाना हुआ। शत्रुओं के पैर उखड़ गए और सुलतान के बेड़े ने उसका पीछा किया। कुछ देर युद्ध होने के बाद वे मल्लाह और उनके वाहन पकड़ लिए गए। इसी वर्ष के अन्त में उसने चम्पानेर पर चढ़ाई कर दी।

हिजरी सन् ८८७ (१४८२ ई०) में समस्त गुजरात व चम्पानेर में वर्षा बहुत कम हुई थी। उसी समय सुलतान की फौज का विशेष अफ़सर मलिक असद अपने लश्कर के साथ चम्पानेर दुर्ग के पास जा पहुँचा। रावल ने भी क़िले से

---

(१) द्वारका और बेट द्वीपों पर महमूद ने हि० स० ८७८ (ई० स० १४७३) में विजय प्राप्त करके मलिक तोघान को वहाँ का सूबेदार नियुक्त किया और उसको 'फरहतउल् मुल्क' का अलक़ाब दिया।

बेट का राजा भीम १४७५ में मौलाना समरकन्दी के कहने के अनुसार नगर में चारों तरफ़ घुमाकर टुकड़े टुकड़े करके मार दिया गया (मीराते सिकन्दरी).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बाहर आकर युद्ध शुरू किया। मलिक की हार हुई और सरकारी हाथी, कुछ घोड़े और सभी सिपाही मारे गये। यह खबर सुनकर सुलतान को बहुत क्रोध आया और उसने चम्पानेर पर पूर्ण विजय प्राप्त करने का निश्चय किया।

श्रीसङ्गमेऽपि सुविवेकपुरस्कृतायाः कीर्तिप्रशस्तिकरणादनृणीभवन्त्याः ।
आज्ञावशेन वचसामधिदेवतायाः काव्यं मया विरचितं महमूदसाहेः ॥४०॥

---

(१) मृद्नात्यंग० इति प्र०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रयागदासस्य तनूद्भवेन श्रीरामदासेन कृ [पृ० २८ A] ताभियोगः ।
व्यधत्त काव्यं महमूदसाहेः सदोदयायोदयराजनाम्ना ॥४१॥

[लोकाः सप्त?] विभान्ति यावदनघा यावच्च सप्तर्षयो
यावद्दीप्यति सप्तसप्तिरमलो यावच्च सप्तार्णवाः ।
यावत्सप्तधराधरा पुनरिमाः पुर्यश्च सप्तोत्तमाः
काव्यं श्रीमहमूदसाहनृपतेस्तावज्जनैर्गीयताम् ॥४२॥

श्रीमान् साहिमुदप्फरस्समजनि श्रीगूर्ज्जरक्ष्मापति-
स्तस्मात् साहिमहम्मदस्समभवत् साहिस्ततोऽहम्मदः ।
जातस्साहिमहम्मदोऽस्य तनुजो गायासदीनाख्यया
ख्यातः श्रीमहमूदसाहिनृपतिर्जीयात् तदीयात्मजः ॥४३॥

॥ इति श्रीमहाराजाधिराज-जरबक्सपातसाह-श्रीमहमूदसुरत्राणचरित्र
राजविनोदे श्रीमदुदयराजविरचिते महाकाव्ये
विजयलक्ष्मीलाभो नाम सप्तमः सर्गः ॥

वितरति सतां प्रसन्नः सहस्रमयुतं च लक्षमथ कोटिम् ।
महमूदसाहनृपतिः पूरयति प्रार्थनामेकः ॥१॥

श्रीरामेणात्मजपठनार्थमिदं पुस्तकमलेखि ॥

[पृ० २८ B]

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

॥ श्रीः ॥

महमूद (बेगड़ा) का दोहाद का शिलालेख

(वि० सं० १५४५; शक सं० १४१०)

श्री[1]

कास[2]मीरवासिनीं देवीं नत्वा साहि[3]मुदा [फ] रस्यादौ
वंशं जगति विशु [द्धं] – – च[4] पातसाहीनां (नाम्) ॥ १ ॥

आदौ श्री [गू[5]] र्जरेशो नृपकुलतिलक [:] प्राप्त पु[ण्यै[6]] कदेश [:]
श्रीमान् शौर्यादिसारैर्नृपकुलमखिलं यो विजित्याधि [त] स्थौ ।
पश्चात् श्री त्त रोस्मिन् प्र [ ]रगुण ⏑ – – रकीर्त्तिर्यशस्वी
मानी भूपालमौलिर्वरमुकुटमणि[7]र्वी विख्यातमू [र्त्तिः] ॥ २ ॥

श्रीमान् वीरोऽभवत् शाहिमुदाफरनृपप्रभुः ।
तत्पुत्रो वीरवि [ख्या] तो महम्मदमहीपतिः ॥ ३ ॥

तस्यान्वये –– ⏑ ⏑ – प्रसूतः प्रतापसंतापितमालवेशः ।
वीरः सदा श्रीमदहम्मदेन्द्रो राजा महीमंडलमंडनाय ॥ ४ ॥

यः सर्वधर्म्मार्थविचारसारसर्वज्ञ [शुद्धो नृप] वंशजातः ।
जित्वा महीं मालवकाधिपस्य जग्राह तद्देश[8]धनं च पश्चात् ॥ ५ ॥

तस्मात्पुनर्भूमिपतिः प्रधानवीर [:] सदा साहमहम्मदोऽभूत् ।
दाता जगज्जीवनजातकीर्त्ति [र्यस्य प्रभावो] विदितः पृथिव्याम् ॥ ६ ॥

साहश्रीमहमूदवीरनृपतिः श्रीग्यास [दीन] प्रभो-
र्विख्यातः ⏑ ⏑ – [9]उदारचरितो जातोन्वये वीर्यवान् ।
यो राज्यादधि [क] ⏑ – प पदवी – – घदामेन[10] वै
कर्ण्णं विक्रमभूपतिं च जितवान् शास्त्रार्थसारे गुरुम् ॥ ७ ॥

राज्यं प्राप्य निजं प्रस[11]न्न [वद]नो दातातिवी [र्या] न्वितः
पश्चाद (द्) क्षिणदिक्पतिं स्वनगरे सं – ⏑[12] जित्वा रिपुम् ।

---

(१) यह अक्षर अब बहुत हल्कासा दिखाई पड़ता है। इसके पहले सम्भवतः 'स्वस्ति' शब्द होगा। (२) काश्मीर होना चाहिए। (३) शुद्ध शब्द 'शाहि' है। आगे तीसरे श्लोक में शाहि लिखा है। (४) सम्भवतः यहां 'वक्ष्ये' पद है। (५) अब इस अक्षर की 'ऊ' की मात्रा ही दिखाई देती है। (६) पाठ संदिग्ध है। (७) रेफ़ यहां णि पर दिया गया है। (८) 'तद्वश्मधनं च' ऐसा होना चाहिये। (९) 'स्वगुणैर्' (?) (१०) 'दानेन' होना चाहिए। (११) यहां स पर अनुस्वार दिया गया है जो अनावश्यक है। (१२) सम्भवतः 'सङ्ख्ये च' ऐसा पाठ हो।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[तप्तो वै]दं (द) मनाधिपस्य सकलं देशं समं भूधरै-
  र्नीत्वा श्रीमहमूदसाहनृपतिश्चक्रे मतिं [रै] वते ॥ ८ ॥
तत्रोत्तुंगनगेन्द्रसंगतभटान् वीक्ष्यादरेण [स्वयं]
  युद्धं चाद्भुतविक्रमं [स कृतवान्] भूपः स्वसेनाजनैः ।
जित्वा दुर्गमशेषवैरिसहितं यो जीर्णं संज्ञं ⏑–[1]
  कीर्तिस्तंभमिदं चकार नृपतिस्तद्रैवतं पर्वतम् ॥ ९ ॥
चंपक – –[2] पश्चात् सं – – वैरिकुद्ध(ल?)कुद्दाल [:] ।
जित्वा पावक [दुर्गं] पित्रा रुद्धं प्रतापताषू[3](र्वम्) ॥१०॥
  महमूदमहीपालप्रतापेनेव पावकर् ।
  प्रविश्य ज्वालितं [त्रं] वैरिवृंदं पतंगवत् ॥११॥
  जीवंतं ततोऽपि ब[द्ध्वा] दुर्गं [नी] त्वा महाबलम् ।
  चकार तत्पुरे राज्यं महमूदमहीश्वर [:] ॥१२॥
ज्ञात्वा गुणै [:] कर्म्मभिरप्युदारैरेतं कुलीनं नृपवंशजातम् ।
मुख्यं चकारात्मगृहे महीशः स सेवके [भ्यो]धिकमानदानैः ॥१३॥
पश्चादि [मं] सेवक [मि] कवीरमिमादलं कार्यकरं विदित्वा ।
आ – ⏑ – – – ⏑ सदातिशूरं सद्वाक्य – – ⏑ ⏑ देशर[4]क्षाम् ॥१४॥
[पा] मीरवंशे नृपतिप्र [धा] न (नः)– – ⏑ मोभूदतुलप्रतापः ।
स –हव या सं (सां) नागरीतं – स्तूयते – ⏑ ⏑ चारुकीर्त्तिः ॥१५॥
तस्मात् संबलवनेज – – – मखिल क्षितौ – – –(:)
मा (मी) प्रतापवान् वीर (रो) विख्यात [:] पुण्यकर्मणि ॥१६॥
महमू[मू]द महीपालसेवाप्रौढप्रतापवान् ।
दानवीरश्चिरं जीयान्मलिकश्रीईमादलः ॥१७॥
पल्लीदेशाधिकारं च पुण्यं पुण्यमतिस्तदा ।
दुःटारिहृदये राज्यं[5] दुर्गमेनं चकार वै ॥१८॥
[येनादौ] ⏑ ⏑ – ⏑ धौति [विपुलं] गंगोर्मिकल्लोलवत्
  पूर्णं पुण्यजलेन सर्वं ⏑ ⏑ – – – – ⏑ – – ⏑ – !
कासारं ⏑ दक्षोद ण[6] मनसोल्लासेन निष्पादितं
  सोयं वीर इमादलें [द्रनृप] तिर्दुर्गं चकारोत्तमम् ॥१९॥

---

(१) 'संज्ञं पुनः' ऐसा होना संभव है। (२) 'द्रंगं' होगा। (३) इस पद का ठीक ठीक अर्थ नहीं निकलता। पाठ संदिग्ध है। (४) मूलमें 'वेशरक्षां' जैसा मालूम देता है। (५) शल्यं। (६) 'कासारद्वयमादरेण' यह पाठ हो सकता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अहम्मदपुरांतस्थः कूपो यस्य विराजते ।
जगज्जीवनदानेन यशोराशिमिवोद्वहन् ॥२०॥
य [:] श्रीमन्महमू शाहकृपया श्रीचंपकाख्ये पुरे
[1]--[की] र्तिविवर्द्धनं सुविपुलं तापत्रयोन्मूलनम् ।
सानंदेन चकार मानससमं 'सत्पुष्करं' भूतले
सोयं वीर इमादलेंद्रनृपतिर्दुर्गं चकारोत्तमम् ॥२१॥
बागूलाधिपतिर्यस्य जयदेवो म – ट ⌣ [।]
· · · · · मिर्षैर्निन्ये लूषजीवशिर [;] स्वयम्[2] ॥२२॥
तत्राशेषा [नृरि] पून् हत्वा कृत्वा दिग्विजयोदयम् ।
रायदुर्गं समजयत् योसौ वीर इमादलः ॥२३॥
· · · · (रावल) वेधनेन सकलं तद्वैरिवृन्दं त [था]
· · · · लि – विमुक्त गोलकगणैः संहृत्य चूर्णीकृ [तम्]
दुर्गं पू [र्णं] बली विजित्य सबलं प्रोद्यत्प्रतापेन यो
धर्म्मद्व रमिदं प्रहारसहितं त – ⌣ पा – र्ददौ[3] ॥२४॥
बागू [ल] भूपालबलं प्रह [त्य प्रच] ण्डभूमीश्वरकालकर्ता ।
यः पावके पूर्ववि [नृ] द्ध भर्ता किं वर्ण्यते चास्य जयस्य वार्ता ॥२५॥
दधिपद्रे रुचिरतरं दुर्गं वै दुःसह · · · · ।
श्रीमदिमादलमुलको दान · · · · सुंदरश्चक्रे ॥२६॥

श्रीनृपविक्रमार्कसमयातीत संवत् १५४५[4] वर्षे शाके १४०१०[5] वर्षे प्रवर्तमाने वैशाख शुदि १३ · · · · · · · · · · शुभे दिने मलिक श्रीइमादलमलिकि दुर्गं उद्धरे [श्रीरस्तु] जे गढ़ पोलि नी पारी ते वंतरी · · · · · · · · · तिस · · · · ।

---

(१) 'पुण्यं'
(२) अर्थ स्पष्ट नहीं है । (३) तस्मै कृपाब्धिर्ददौ ।
(४) १५४ और ५ के बीच में एक बिन्दु सा दिखाई देता है । संभवतः पत्थर की खरोंच है ।
(५) १४ और १० के बीच का बिन्दु अनावश्यक है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

महमूद बेगड़ा के समय का दोहाद का शिलालेख†।

(वि० सं० १५४५; शाके १४१०)

मूल लेख के संपादक

डॉ० एच्० डी० साँकलिया, एम्० ए०, एल्-एल् बी०,
पीएच्० डी० (लन्दन)

यह शिलालेख प्रिंस आफ़ वेल्स म्यूज़ियम, बम्बई में सुरक्षित है । उक्त म्यूज़ियम के संरक्षकों के सौजन्य से प्राप्त लेख की छापों एवं मूल शिला से भी देखकर इस लेख को सर्वप्रथम अभी प्रकाशित किया जा रहा है। पुरातत्व विभाग के क्यूरेटर श्री जी० वी० आचार्य व श्री आर० के० आचार्य ने इस लेख के कुछ अंशों को पढ़ने में सहायता की है अतः सम्पादक उनका आभार मानता है । जिस पत्थर पर यह लेख खुदा हुआ है वह ३ फीट ३ इंच लम्बा और १ फुट ७ इंच चौड़ा है । कहते हैं कि यह पत्थर दोहाद कस्बे से प्राप्त किया गया था जो बम्बई प्रेसीडेन्सी में बड़ोदा से उत्तरपूर्व में ७७ मील पर स्थित है। दोहाद पाँचमहाल जिले के सबडिवीज़न का एक प्रमुख कस्बा है। दो लम्बी दरारों के अतिरिक्त कई जगह से इस पत्थर की चटखें उतरी हुई हैं जिनसे इस लेख को पढ़ने में कठिनाई पड़ती है । कहीं-कहीं इस पर सिन्दूर अथवा और कुछ रंगीन चिकना पदार्थ लगा हुआ है जिससे यह कठिनाई और भी बढ़ जाती है। इस लेख में कुल २२ पंक्तियाँ लिखी हुई हैं; पहली व अन्त की दो पंक्तियों के बहुत से अक्षर बिलकुल घिस गये हैं। प्रत्येक अक्षर प्रायः $\frac{1}{2}$ इंच का है।

यह लेख वैशाख सुदी १३ विक्रम सम्वत् १५४५, शक सम्वत् १४१०, का है (सम्भवतः २१ वीं पंक्ति के पूर्वार्द्ध में हिज़री सम्वत् और वार का नाम भी खुदा हुआ था जो बिलकुल चटख गया है) । गणना से यह दिन बृहस्पतिवार, २४ अप्रैल १४८८ ई० (हिज़री सन् ८९३ जमादि-उल्-अव्वल) आता है।‡ तिथि के विषय में यह बात ध्यान देने योग्य है कि इस लेख पर विक्रम सम्वत् तथा शक सम्वत् दोनों ही खुदे हुए हैं । यह क्रम गुजरात में पाए जाने वाले महमूद के समय के सभी संस्कृत शिलालेखों¶ में

---

† 'एपिग्राफिआ इण्डिका' के जनवरी, सन १९३८ (भाग २४, अंक ४) में प्रकाशित ।

‡ इण्डियन एफ़िमरीज़, जिल्द ५, पृ० १७८ (एस. के. पिल्लई)

¶ (बाई हरी) का शिलालेख। इण्डियन एण्टीक्वेरी, जिल्द ४, पृ० ३६८ 'अडालज वाव' शिलालेख 'रिवाइज्ड लिस्ट एन्टीक्वेरियन रिमेन्स बाम्बे प्रेसीडेन्सी' पृ० ३००।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नहीं बरता गया है वरन् उत्तरी भारत के दूसरे लेखों में भी ऐसा ही पाया जाता है। काठियावाड़ में प्राप्त *इसी काल के शिलालेखों† पर केवल विक्रम सम्वत् ही पाया जाता है।‡

लेख की लिपि देवनागरी है और इस विषय पर विशेष प्रकाश डालने की आवश्यकता नहीं है।

शिलालेख की भाषा संस्कृत है और आरम्भ में मङ्गलाचरण व अन्त में २६ वें पद्य के बाद के अंश के अतिरिक्त सम्पूर्ण लेख पद्य में है।

दुर्भाग्य से अन्त की तीन पंक्तियाँ बहुत ज्यादा घिस गई हैं और यह ठीक-ठीक पता लगाना सम्भव नहीं है कि यह लेख महमूद बैगड़ा के राज्यकाल में खुदवाया गया था अथवा उसकी स्वयं की आज्ञा से उसके कार्यों का इतिहास अंकित करने के लिये उत्कीर्ण किया गया था। इन पंक्तियों से जो कुछ आशय निकलता है वह इतना ही है कि यह लेख महमूद बेगडा के मुख्यमन्त्री इमादुल-मुल्क द्वारा दधिपद्र (दोहाद) के दुर्ग का निर्माण कराए जाने के बाद ही खुदवाया गया था। प्रसंगवश इसमें गुजरात के सुलतानों की वंशावली, उनके कार्यों और मुख्यतः महमूद के वीरकृत्यों का भी वर्णन आगया है। यह पहला ही शिलालेख है जिसमें महमूद बेगड़ा और उसके पूर्वजों के कार्यों का अर्थात् उनकी बनवाई हुई इमारतों व उनकी जीती हुई लड़ाइयों का विवरण दिया हुआ है।¶

---

* देखो भाण्डारकर, लिस्ट आफ़ इन्सक्रिप्शन्स आफ़ नार्दन इण्डिया (List of Inscriptions of Northen India,) सं० ७२३ और ११२१; ७३६ और ११२६; ७३७ और ११२७; ७४८ और ११२८; ७५७ और ११२९; ७७३ और ११३०: ८७३ और ११३६; ९०१ और ११३८; ९६७ और ११४६।

† देखो रिवाइज्ड लिस्ट Revised List etc. पृ० २३९–२४६, २४८–४९, २५१, २५४, २५७, २६३।

‡ इससे पता चलता है कि संवत्सरों का प्रयोग करने की जो प्राचीन रूढ़ि काठियावाड़ में १३वीं शताब्दी के अन्त तक पाई जाती थी वह बाद में बन्द हो गई थी।

¶ अब तक के प्रकाशित अन्य शिलालेख ये हैं:—अरबी लेख—रिवाइज्ड लिस्ट, एण्टी क्वेरियन रिमेन्स बाम्बे प्रेसीडेन्सी, पृ० ३०३, ३०६–०७; एक लेख एण्टी० रिपोर्ट A. S. I. १९२७,२८ पृ० १४६ में प्रकाशित हुआ है; कहते हैं कि इसमें गुजरात के उन सुलतानों के नाम दिए हैं जिनका दौहाद कस्बे को पूरा कराने से सम्बन्ध था। हालोल दरवाजा और चाँपानेर से प्राप्त दो लेख 'एपि० इन्डो-मोस्लि०' १९२९-३० पृ० ४ में प्रकाशित हुए हैं।

संस्कृत लेख—अडालज 'रिवाइज्ड लिस्ट' पृ० ३१० बाई हरी का शिलालेख Inscription Rev. List पृ० ३००; इन्डियन एण्टी०, जिल्द ४, पृ० ३६८, जिल्द ४ पृ० २९८।

१५०० ई० तक के सभी लेखों में–चाहे वे मुसलमान शासकों के हों अथवा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यह लेख मङ्गलाचरण से आरम्भ होता है जिसमें काश्मीरवासिनी देवी§ को नमस्कार किया गया है। इसके बाद मुदाफ़र पातशाह का उल्लेख है जो गुजरात के मुजफ्फर प्रथम के अतिरिक्त और कोई नहीं हो सकता।

इसके बाद गुजरात के सुलतानों की वंशावली इस प्रकार दी हुई है:—(१) शाह मुदाफ़र (२) उसका पुत्र महम्मद (३) उसके वंश में उत्पन्न शाह अहमद (४) तत्पुत्र शाह महम्मद (५) उसका वंशज शाह महमूद।

यह वंशावली मुस्लिम इतिहासकारों द्वारा दी हुई (एवं कैम्ब्रिज हिस्ट्री ऑफ इण्डिया* द्वारा स्वीकृत) वंशावली से भिन्न है। इस पर नीचे विचार किया जाता है।

फरिश्ता,† मीराते सिकन्दरी,‡ मीराते अहमदी¶ और अरैबिक हिस्ट्री ऑफ़ गुजरात‖ के लेखकों ने सुलतानों की सूची इस प्रकार दी है:—

राजपूत राजाओं के, उनके मुसलमान प्रभुशासकों का उल्लेख है। उनमें से प्रस्तुत लेख के समय का निकटवर्ती एक ही लेख राजपूताने की जोधपुर रियासत के अन्तर्गत लाडनू नामक स्थान का मिला है। यह लेख संस्कृत में है और वि० सं० १३७३ का है। प्रसंगवश इसमें शाहबुद्दीन गोरी से अलाउद्दीन खिलजी तक दिल्ली के बादशाहों की वंशावली दी है। देखो जि० १२, पृ० १७-२७।

§ महमूद के समय के दूसरे लेखों से इस देवी को पहचानने में सहायता नहीं मिलती। संभवतः यह ब्राह्मी सरस्वती देवी है क्योंकि गुजरात के एक लेखक चन्द्रप्रभसूरि (१२७८ ई०) ने भी अपने प्रभावक-चरित (सं० हीरानन्द शर्मा, बम्बई. १९०० ई०) के हेमचन्द्र प्रबन्ध खण्ड में 'देवी काश्मीरवासिनी' पद का प्रयोग किया गया है (पद्य ३६–४६)। इसमें यह बताया गया है कि हेमचन्द्र ने काश्मीरवासिनी ब्राह्मी देवी को प्रसन्न किया और 'सिद्धसारस्वत' हो गया। यहां काश्मीर के शारदामन्दिरवाली दुर्गा सरस्वती से भी तात्पर्य हो सकता है। यह मन्दिर १५वीं और १६वीं शताब्दी में भारतवर्ष में खूब प्रसिद्ध था। देखो—स्टॉईन का 'कल्हणस् क्रानिकल आफ काश्मीर,' भा० २, पृ० २७९।

* जिल्द ३, पृ० २९५ और ७११.

† ब्रिग्स द्वारा फारसी से अंग्रेजी अनुवाद–'हिस्ट्री आफ़ दी राइज आफ दी महोमेदन पावर' जिल्द ४, पृ० १-९। यहां पृ० ८-९ पर फरिश्ता ने किसी इतिहासकार का हवाला नहीं दिया है परन्तु लिखा है कि मुजफ्फरशाह ने अपने पुत्र को दिल्ली रवाना होने से पूर्व 'गियास उद्दौला-उद्दीन मोहम्मद शाह' की उपाधि प्रदान की।

‡ फरीदी कृत अनुवाद पृ० ७; इसमें भी लिखा है कि जफ़रखां ने स्वतन्त्र होने से पहले तातारखां को नासिर उद्दीन मुहम्मदशाह की उपाधि देदी थी।

¶ Bird (बर्ड) कृत अनु० पृ० १९५,-१९७, २०१-०२;

‖ जफ़र उल्वालि बी मुज़फ्फर वा आली (रॉस) पृ० १, ३, १४, ९०९ (देखो जिल्द ३ परिशिष्ट)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(१) मुज़फ्फर शाह (मुज़फ्फर प्रथम) (२) अहमद शाह (अहमद) (३) उसका पुत्र मुहम्मदशाह (मुहम्मद), (४) उसका पुत्र कुतुबउद्दीन (कुतुबउद्दीन अहमद शाह), (५) दाउद (दाऊद) और (६) महमूद (महमूद प्रथम), मुहम्मदशाह का द्वितीय पुत्र ।

इससे विदित होगा कि इस लेख की वंशावली में क्रमांक (४) व (५) के अर्थात् मुहम्मदशाह के पुत्र कुतुबुद्दीन* और उसके भाई तथा कुतुबुद्दीन के काका दाऊद के नाम नहीं दिए हुए हैं । परन्तु इसमें महम्मद (जिसको मुसलमान इतिहासकार मुहम्मद लिखते हैं) का उल्लेख अवश्य किया गया है । मुहम्मद का असली नाम तातारखाँ था और उसको यह उपाधि, उसके दिल्ली रवाना होने से पहले, उसके पिता ज़फरखाँ ने प्रदान की थी ।† यह घटना उस समय की है जब ज़फरखाँ दिल्ली के बादशाह की ओर से गुजरात में सूबेदार ही था और वहाँ का स्वतन्त्र शासक नहीं हुआ था । प्रस्तुत शिलालेख में महम्मद का 'महीपति' की स्थिति में वर्णन किया गया है । सम्भवतः उसके लिए इस उपाधि का प्रयोग महम्मद के उपरिवर्णित अल्पकालीन प्रभुत्व का स्मरण कराने के लिए ही किया गया हो । यह बात इस कारण से और भी संगत प्रतीत होती है कि उसे 'महीपति' लिखने के अतिरिक्त इस लेख में उसके द्वारा विजय की हुई किन्हीं लड़ाइयों का उल्लेख नहीं किया गया है ।

परन्तु, इन कुतुबुद्दीन और दाऊद के नाम इसी शिलालेख में छोड़ दिये गये हों ऐसी बात नहीं है, दूसरे दो अरबी शिलालेखों में भी ये नाम नहीं मिलते हैं । एक लेख तो स्वयं महमूद‡का है और दूसरा बाई हरी की बनवाई बावड़ी¶में प्राप्त हुआ है ।महमूद के चाँदी के सिक्कों§ और अन्य कथानकों में भी इनका पता नहीं चलता है । इसके अतिरिक्त इन लेखों में भी मुज़फ्फरशाह के पुत्र मुहम्मद (तातारखाँ) को मुहम्मदशाह लिखा है जिसका अर्थ यह निकलता है कि वह गुजरात के स्वतन्त्र सुलतानों में से था ।

इस वंशावली के सम्बन्ध में दो बातें और ध्यान देने योग्य हैं । (१) यद्यपि अहम्मद (क्र० ३) और महमूद (क्र० ५) क्रमशः महम्मद (क्र० २) और शाह महम्मद (क्र० ४) के पुत्र थे परन्तु जिस प्रकार इन दोनों को स्पष्टतया क्रमशः मुजफ्फर और

---

* देखो—ऊपर बताए हुए इतिहासकारों की टिप्पणियां ।

† ब्रिग्स–पृ० ९; फरीदी–पृ० ६; बर्ड–पृ० १७६; फरिश्ता ने लिखा है कि तातारखां ने अपने पिता को क़ैद करके मोहम्मद शाह की उपाधि ग्रहण की; रॉस ने पृ० ६०४ पर लिखा है कि मुहम्मदखां उसका नाम था और तातारखां उसकी उपाधि थी ।

‡ एपि० इण्डो-मोस्लिम Ep. Indo-Mos., 1929-30 P. 4.

¶ इण्डियन एण्टि०, भा० ४, पृ० ३६७

§ देखो—प्रिन्स आफ़ वेल्स म्यूज़ियम, बम्बई का सूचिपत्र, गुजरात के सुलतान, पृ० २२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अहम्मद का पुत्र लिखा है उस प्रकार इनके बारे में स्पष्ट न लिखकर "उनके वंशज" इतना ही उल्लेख किया है। (२) कुतुबउद्दीन और दाऊद के नाम इस सूची में नहीं दिये गए हैं। दाऊद का नाम न देने की बात समझ में आ सकती है, क्योंकि उसने बहुत ही थोड़े समय राज्य किया और वह इस वंश का क्रमानुयायी भी नहीं था; परन्तु कुतुबउद्दीन तो महम्मद का ज्येष्ठ पुत्र था और उसने ७ वर्ष* तक राज्य किया। यद्यपि ७ वर्ष का समय कोई लम्बा समय नहीं कहा जा सकता परन्तु उसका राज्यकाल नगण्य भी नहीं माना जा सकता। इसलिए, इन लेखों में इसका नाम न पाये जाने का कोई कारण† समझ में नहीं आता है। ऐसा हो सकता है कि महमूद के समय के सभी अरबी और संस्कृत के लेखों में मुहम्मद (प्रथम) का नाम उल्लिखित करने का और कुतुबउद्दीन व दाऊद का नाम निकाल देने का कोई विशेष कारण रहा हो, जो अब तक ज्ञात नहीं हो सका है। परन्तु, यह कहना तो संगत नहीं होगा कि उन लेखों के लिये जिन साधनों से जानकारी प्राप्त की गई थी वे इतने विशद नहीं थे जितने कि उन इतिहासकारों की जानकारी के स्रोत जिनको हम जानते हैं। फिर, महमूद में और इन दोनों में इतनी अधिक पीढ़ियों का अन्तर भी नहीं है कि उसके घरेलू आलेखों में उनको सहज ही भुलाया जा सके। वरन्, ऐसे आलेखों में तो उनके विषय में बाहरी लोगों की अपेक्षा और भी अधिक जानकारी की सामग्री मौजूद होनी चाहिये। सम्भवतः विभिन्न इतिहासकारों और लेखों से प्राप्त वंशावलियों में भिन्नता होने का यही कारण हो (कि वे इन सुलतानों के घरू आलेखों पर आधारित नहीं हैं)।

इस लेख से हमें जो दूसरी जानकारी प्राप्त होती है वह यह है कि इसमें मुजफ्फर शाह को 'मुदाफर नृप प्रभु' लिखा है। इस 'नृप प्रभु' उपाधि से, दिल्ली के बादशाहों‡ की सेवा करते हुए १३९६ ई० में मुजफ्फर द्वारा गुजरात के स्वतन्त्र राज्य की स्थापना की ओर संकेत किया गया है। इस राज्य की राजधानी पट्टण थी जो प्राचीन काल में गुजरात के चालुक्यों के समय (९६०-१३०० ई०) में अणहिल पट्टण के नाम से प्रसिद्ध थी। दिल्ली के सम्राट् मुहम्मदशाह के सूबेदार की हैसियत से मुजफ्फर द्वारा गुजरात के विद्रोही सूबेदार फरहत-उल्-मुल्क और अन्य पड़ौसी सूबों पर विजय¶ का उल्लेख इस प्रकार किया गया है:—

---

* कैम्ब्रिज हिस्ट्री आफ इण्डिया, भा० ३, पृ० ३०१–३०३; ब्रिग्स–पृ० ३७–४४; फरीदी–पृ० ४१; रॉस–पृ० १४, २००, ४५१।

† कैम्ब्रिज हिस्ट्री आफ़ इण्डिया (जि० ३ पृ० ३०१) में लिखा है कि वह बहुत बीमार होकर मर गया था परन्तु यह हो सकता है कि वह सन्देहात्मक दशा में मर गया हो जैसे उसका पिता मुहम्मद मर गया था (ब्रिग्स–जि० ४ पृ० ३६)

‡ विवरण के लिए देखो 'कैम्ब्रिज हिस्ट्री आफ इण्डिया' जि० ३, पृ० २९४-९५

¶ देखो—कै० हि० इ०; ब्रिग्स–जि० ४, पृ० ४-१०; फरीदी–पृ० ५-७; ९-१०; बर्ड–पृ० १७७

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"नृपकुलं अखिलं यो विजित्य अधितस्थुः"

मुदाफर के पुत्र महम्मद को केवल 'महीपति' लिखा है । जब तक कोई विशेष वृत्तान्त प्राप्त न हो, इस उपाधि से कोई तात्पर्य नहीं निकलता है । वास्तव में, न तो महम्मद अपने पिता का उत्तराधिकारी हुआ और न इतिहासकारों ने ही उसके विषय में कुछ अधिक लिखा है । अतः उसके लिये इस साधारण उपाधि का प्रयोग उपयुक्त ही जान पड़ता है ।

महम्मद के बाद अहम्मद हुआ । उसके विषय में लिखा है कि वह 'महीमण्डल' का मण्डन (भूषण) और सब धर्मों, पदार्थों और विचारों को जानने वाला और समझने वाला था । उसने अपने पराक्रम से मालवाधिपति को आक्रान्त ही नहीं किया वरन् उसके देश और धन पर भी अधिकार कर लिया । अहमद की इस प्रशस्ति की सत्यता बहुत कुछ इतिहास स प्रमाणित होती है । उसको 'मही–मण्डल-मण्डन' इसलिये कहा गया है कि वह गुजरात के पहले बड़े सुलतानों में से था, उसने अपने राज्य को दृढ़ बनाया और अहमदाबाद शहर बसाया । यह आश्चर्य की बात है कि इस लेख में उसके अन्य महान् कार्यों के साथ-साथ नगर निर्माण के विषय में कुछ नहीं उल्लेख किया गया है; यद्यपि २० वें पद्य में इस नगर का नाम प्रसंगवश आगया है ।

जैसा कि हमें मुसलमान इतिहासकारों से ज्ञात होता है अहमद मालवा के अधिपति हुशङ्गशाह की आँखों में चुभता था । सन् १४११ व १४१८ ई० में दो बार हुशङ्गशाह ने गुजरात पर आक्रमण* किये परन्तु अहमद ने दोनों ही बार उसे पीछे हटा दिया । इतना ही नहीं, १४१९† ई० में उसने स्वयं मालवा पर चढ़ाई की और हुशङ्ग को हार कर माँडू के गढ़ में शरण लेनी पड़ी । इसके बाद १४२२ ई० में जब हुशङ्गशाह उड़ीसा पर चढ़ाई करने गया हुआ था तो अहमद ने फिर मालवा पर आक्रमण किया परन्तु माण्डू पर अधिकार करने में सफल नहीं हुआ ।‡ अहमदशाह के इन हमलों का कोई विशेष फल न निकला । उसने केवल मालवा प्रान्त को लूटा और बरबाद कर दिया परन्तु उसे अपने राज्य में न मिला सका । प्रस्तुत शिलालेख में उल्लिखित मालवा का ग्रहण करना ऐतिहासिक आधारों पर सिद्ध नहीं होता है ।¶

* ब्रिग्स–जि० ४, पृ० १६, १८; फरीदी पृ० १३, १५; कै० हि० इ० जि० ३, पृ० २९६-७

† ब्रिग्स–जि० ४, पृ० २१–२२; फरीदी–पृ० १६–१७

‡ ब्रिग्स–पृ० २२–२५; फरीदी–पृ० १८; कै० हि० इ०, जि० ३, पृ० २९६

¶ 'जग्राह तद्देशधनं च पश्चात्'—यहाँ 'तद्देशधनं' का द्वन्द्व समास करते हैं तो 'तद्देशं च धनं च' ऐसा विग्रह होता है । इससे प्रतीत होता है कि उसका देश और धन ग्रहण कर लिए । यदि उसका विग्रह 'तद्देशस्य धनं जग्राह' इस तरह किया जावे तो इसका अर्थ उसके देश का धन ग्रहण किया अर्थात् उसके देश को लूट लिया ऐसा होता है ।

विवरण के लिए देखिए—ब्रिग्स–जि० ४, पृ० १७, २६, ३०; फरीदी–पृ० १४, १७, १९, २१; बर्ड–पृ० १८८; के० हि० इ०, जि० ३, पृ० २९६–९९ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यह भी विचारणीय है कि इस लेख में अहमद की दूसरी लड़ाइयों*का कोई उल्लेख नहीं है, विशेषतः गिरनार के चूड़ासमा राजा, खानदेश के नासिर और चाँपानेर के राजा का, जिनको उसने १४२२ ई० में अपने आधीन कर लिया था। दक्षिण के बहमनी राजा अलाउद्दीन अहमद के विषय में भी इसमें कोई उल्लेख नहीं है।

अहमद के पुत्र महम्मद के बारे में इस लेख में विशेष हाल नहीं लिखा है और यह ठीक भी है। यद्यपि ऐसा कहते हैं कि ईडर के राजा बीर (बैर), मेवाड़ के राणा कुम्भा और चम्पानेर के राजा गंगादास† पर उसने विजय प्राप्त की थी‡ परन्तु कुछ मुसलमान इतिहासकारों ने उसके विषय में लिखा है कि वह कायर था और जब मालवा के सुलतान महमूद ने उस पर हमला किया तो उसने पीठ दिखा दी थी। उसकी इस कायरता के फलस्वरूप ही कुछ अफ़सरों के बहकाने से उसकी स्त्री ने उसे विष दे दिया था।¶ उसका एक गुण यह था कि वह उदार§ बहुत था और इसीलिये मुसलमान लोग उसे 'करीम' कहते थे।‖

महम्मद के बाद तुरन्त ही महमूद से हमारा परिचय होता है। जैसा कि ऊपर लिखा जा चुका है उसके दो पूर्वाधिकारियों के नाम छोड़ दिये गये हैं। महमूद का नाम महमूद बेगड़ा (गुजराती बेगड़ो) अधिक प्रसिद्ध है। प्रस्तुत शिलालेख में उसको वीर योद्धा** लिखा है और आगे चल कर ग्यासदीन का उल्लेख है। यह स्पष्ट नहीं है कि इस उपाधि का प्रयोग महमूद के लिए किया गया है अथवा उसके कुल में उत्पन्न किसी अन्य व्यक्ति के लिए। यदि इसका प्रयोग महमूद के लिए किया गया है तो यह बात कुछ विचित्र सी जान पड़ती है क्योंकि इस उपाधि का अर्थ है (गियास-उद्दीन) धर्म का सहायक, और सिक्कों†† और लेखों‡‡में उसके लिए नासिरउद्दीन वा उद्दुनिया अर्थात् 'धर्म और जगत् का रक्षक' लिखा है। अहमद प्रथम के पुत्र मुहम्मद द्वितीय को उसके सिक्कों में गियासउद्दीन लिखा है।¶¶

---

* देखिए--कैम्ब्रिज हिस्ट्री आफ़ इण्डिया, जि० ३, पृ० २९६--९९

† देखिए टिप्पणी पृ०

‡ कै० हि० इ०, जि० ३, पृ० ३००--०१; ब्रिग्स--जि० ४, पृ० ३५; फरीदी--पृ० २३-२४

¶ ब्रिग्स--जि० ४,पृ० ३६; फरीदी ने यह कृत्य किसी सय्यद का लिखा है,पृ० २६।

§ मीराते सिकन्दरी, पृ २३ पर लिखा है कि उसने 'ज़र बख्श' स्वर्ण-दाता का नाम प्राप्त किया।

‖ ब्रिग्स--जि० ४, पृ० ३६; 'करीम अर्थात् दयावान्'। बर्ड--पृ० १९६ "जरबक्स"

** फरिश्ता जि० ४ पृ० ६९--७०

†† सूचीपत्र, गुजरात के सुलतान, पृ० २२

‡‡ एपि इन्डो-मो०, १९२९--३०, पृ० ३-५; रिवाइज्ड लिस्ट, पृ० २५३

¶¶ सूचीपत्र पृ० २२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जिन पंक्तियों में उसके युद्धों का वर्णन किया गया है वे दुर्भाग्य से कई जगह खण्डित हो गई हैं, अतः इन सब घटनाओं का ठीक-ठीक पता लगाना कठिन है। आठवें पद्य में दक्षिण दिक्पति और दम्मण के अधिपति के साथ महमूद के सम्बन्धों का वर्णन है (?) रैवत तक पृथ्वी पर अधिकार (?) का भी जिकर है। (पद्य के) पूर्व भाग में मालवा के महमूद खिलजी द्वारा १४६२ और १४६३ ई० में*'दक्षिण दिक्पति' निजाम शाह पर चढ़ाई करने के अवसर पर महमूद ने जो सहायता की थी उसका उल्लेख किया गया प्रतीत होता है और अपर भाग में दम्मण के पास पारडी के राजा द्वारा १४६४ ई०† में किए गए आत्म-समर्पण की ओर संकेत है।

रैवत अर्थात् जूनागढ़ के गिरनार पर्वत का उल्लेख करने से महमूद द्वारा १४६६ ई० में उस राज्य पर किए पहले हमले से तात्पर्य है। उस समय वहाँ के राजा रावमांडलिक से महमूद ने कर वसूल किया था और उसे राजचिह्न छोड़ने को बाध्य किया था।‡ आगे पद्य में लिखा है कि महमूद ने उस दुर्भेद्य जूना (जीर्ण) गढ़ को विजय किया और उसकी कीर्ति को चिरस्थायी करने के लिये रैवताचल ही विजय स्तम्भ बनाया गया। इससे जूनागढ़ के किले को पूर्णतया जीत कर दिसम्बर १४७० ई०¶ में सोरठ को गुजरात में सम्मिलित कर लेने की ओर लक्ष्य किया गया है। मुसलमान इतिहासकारों का कहना है कि गिरनार के राजा को फिर आत्म-समर्पण करने के लिए दबाया गया तब उसने इस्लाम धर्म को अंगीकार कर लिया और उसको 'खान-ए-जहान्' की उपाधि प्रदान की गई। पहाड़ी की तलहटी में महमूद ने मुश्तफाबाद नामक नगर बसाया और वह नगर भी उसकी राजधानियों में से एक था—साथ ही, वह उसके ठहरने का एक मनचाहा स्थान भी था।§

---

* कैं० हि० इ०, जि० ३, पृ० ३०४-०५; ब्रिग्स पृ० ४६-५१; फरीदी पृ० ४०-४२; बर्ड ने पृ० २०६ पर एक ही लड़ाई का हाल १४६१-६२ लिखा है। रॉस पृ० १७

† कैं० हि० इ०, जि० ३, पृ० ३०५; बर्ड ने इसका कोई उल्लेख नहीं किया है; ब्रिग्स ने पृ० ५१ पर दम्मण का तो उल्लेख नहीं किया है परन्तु १४६५ ई० में गुजरात से कोंकण की चढ़ाई का वर्णन अवश्य किया है; फरीदी ने पृ० ४२ पर बड़ोदर पर्वत पर चढ़ाई और एक चट्टानी किले की विजय का उल्लेख किया है।; रॉस ने पृ० १८ पर (Bardu) बरडू विजय का हाल लिखा है। यह एक पहाड़ी पर स्थित है जो दम्मण के सामने देखती हुई है।

‡ कैं० हि० इ०, जि० ३, पृ० ३०५; ब्रिग्स के मतानुसार पहला हमला १४३९ ई० में हुआ पृ० ५२; फरीदी (पृ० ५३-५४) और बर्ड इस हमले को १४६७ ई० के आस पास हुआ बताते हैं।; रॉस—पृ० १९

¶ कैं० हि० इ०, जि० ३, पृ० ३०५-०६; पृ० ५५, पृ० ५७ और पृ० २०९ पर १४७२ लिखा है।

§ कैं० हि० इ०, पृ० ३०६-०७; पृ० ५६, ५७, २०९, २०, २५, २६ क्रमशः

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पद्य संख्या १०–१२ में बताया गया है कि महमूद ने चम्पक (पद्म ?) अर्थात् वर्तमान (चाँपानेर) को ले लिया, पावक* (पावागढ़) को जीत कर वहाँ के शासक को जीवित पकड़ लिया और उस नगर पर राज्य करने लगा। यहाँ चम्पानेर और इसके किले पावागढ़ पर अन्तिम विजय के सम्बन्ध में मुख्य मुख्य घटनाओं का पता चलता है। मालवा और गुजरात के बीच में चाँपानेर एक 'राजनैतिक स्थिति' का राज्य था। यहाँ के शासक चौहान शाखा के राजपूत थे और गुजरात के पास यही एकमात्र हिन्दू राज्य था। इसलिए जब कभी मालवा के शासक को गुजरात पर आक्रमण करना होता तो वह पहले चाँपानेर के राजा को बहकाता था अथवा यदि उसी को कोई आपत्ति होती तो वह स्वयं गुजरात प्रदेश में लूट मार करके वहाँ के सुलतानों को तंग किया करता था। इस प्रकार, इस राजा और गुजरात के सुलतानों में प्रायः छुटपुट की लड़ाइयाँ और कभी-कभी बड़ी लड़ाइयाँ होतीं ही रहती थीं परन्तु महमूद से पहले कोई भी सुलतान पावागढ़ को जीत कर वहाँ के राजा को काबू में नहीं कर सका था।

उस समय सम्भवतः जयसिंह चांपानेर† का राजा था और महमूद उसके विद्रोह-पूर्ण कार्यों को अच्छी तरह जानता था परन्तु बहुत समय तक उसके राज्य पर आक्रमण

* जयसिंह का वि० स० १५२५ का एक शिलालेख; इण्डियन एण्टीक्वेरी, जि० ६, पृ० २; रासमाला, जि० १, पृ० ३५७ (रॉलिन्सन); बाम्बे गजेटियर, जि० ३, पृ० ३०४; ब्रिग्स, जि० ४, पृ० ६६। आजकल इनके प्रतिनिधि छोटा उदयपुर और देवगढ़ बारिया के राजा हैं।

† वि सं० १५२५ के लेखानुसार जयसिंह उस समय पावक दुर्ग पर राज्य करता था और शायद महमूद के हमले तक भी वही राज्य कर रहा था। प्रस्तुत शिलालेख के २१ वें पद्य में जिस जयदेव का नाम आया है वह वास्तव में जयसिंह ही है क्योंकि 'तबकाते अकबरी' (ब्रिग्स् द्वारा संपादित पृ० २१२) और 'मीराते सिकन्दरी' (फरीदी पृ० ५९) में भी लिखा है कि चाँपानेर के राजा 'जयसिंह' को महमूद ने हराया था। इन नामों में बहुत समानता है। इसके अतिरिक्त लेख में दिए हुए उसके पूर्वजों के नाम मुसलमान इतिहासकारों द्वारा दिए हुए नामों से मिलते हैं। यथा—

जयसिंह के १५२५ वि० स० का लेख	मुसलमान इतिहासकार
(१) वीर धवल	(१) वीरसिंह (तबकाते अकबरी) यह सम्भवतः अहमदशाह का समकालीन था।
(२) त्र्यम्बक भूप	(२) त्रिम्बक दास (मीराते सिकन्दरी पृ० १४-१७) यह भी अहमदशाह का समकालीन था।
(३) गंगराजेश्वर	(३) गंगादास (मीराते सिकन्दरी पृ० २४ व ३०) यह कुतुबुद्दीन का समकालीन था

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करने का कोई अवसर नहीं मिला। निदान, १४८२ ई० में जब चांपानेर के एक पताई* द्वारा पड़ौसी प्रदेश का सूबेदार मलिक सूद मारा गया तो उसे मौका मिल गया। उसके इस कार्य से नाराज होकर महमूद ने चांपानेर पर चढ़ाई की और उस पर अधिकार करके वहाँ एक मस्जिद बनवाई। पताई ने पावागढ़ में शरण ली और महमूद ने उस किले को घेर लिया। यह घेरा २१ महीनों तक चला और अन्त में चालाकी से किले पर हमला बोल दिया गया। हताश होकर राजपूतों ने (जो अब बहुत थोड़े रह गये थे) स्त्रियों को जीवित जला कर जौहर पूर्ण किया और मरणपर्यन्त मुसलमानों से अन्तिम युद्ध करने के लिये मैदान में आ गए। (इसका उल्लेख शिलालेख में किया गया मालूम होता है) कहते हैं कि और सब राजपूत मारे गये परन्तु राजा पताई और उसका एक मन्त्री डूंगरशी जीवित पकड़े गए। महमूद उनके साहस और वीरतापूर्ण युद्ध करने पर बहुत प्रसन्न हुआ और जब उनके घाव ठीक हो गए तो उन्हें इसलाम धर्म अंगीकार करने के लिये कहा। जब वे इन्कार हो गए तो उन्हें कैद कर दिया गया और फिर सोचने के लिए समय दिया गया। जब उन्होंने फिर सुलतान के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया और मुसलमान न होने का दृढ़ निश्चय प्रकट किया तो पाँच* महीने बाद उनको फाँसी दे दी गई। इसके बाद महमूद ने महमूदाबाद नगर बसाया और इसके चारों तरफ़ एक किला बनाया जो जहाँपनाह कहलाया।

१३-१४ पद्यों का तात्पर्य यह है कि इस नए जीते हुए प्रदेश पर शासन करने के लिए इमादल को नियुक्त किया गया।

आगे के कुछ पद्यों में मलिक इमादल द्वारा पल्लिदेश की विजय और वहाँ पर एक गढ़ी निर्माण कराने का वर्णन है। इमादल की आज्ञा से बने हुए इसी किले व वहीं पर खुदवाए हुए दो तालाबों का उल्लेख १६ वें पद्य में किया गया प्रतीत होता है। जैसा कि आगे बताया गया है, यह पल्लिदेश गोधरा जिले का ही कुछ भाग था न कि राजपूताने का वह जिला जो इस नाम से प्रसिद्ध है।

पद्य संख्या २० में एक कुएं का वर्णन है जो, स्पष्ट है कि, इमादल द्वारा अहम्मदपुर में खुदवाया गया था। यहाँ अहम्मदपुर से अहमदाबाद का तात्पर्य है न कि अहमदनगर का।

---

* दूसरे इतिहासकारों (जैसे फरिश्ता, ब्रिग्स पृ० ६६) ने उसे 'बेनीराय' लिखा है; फरीदी (पृ० ६५-६७) ने रावल पताई, बर्ड (पृ० २१२) ने 'रावल तुप्पई, और बेले ने 'लोकल महोमेदन डाइनेस्टीज़ गुजरात' (१८८६, पृ० २११) में 'राय पताई' लिखा है। इससे विदित होता है कि दूसरे 'चाहमान' अथवा 'चौहान' वंश के राजाओं की तरह चाँपानेर के राजा भी 'राय' कहलाते थे। वाटसन (इन्डि० एण्टि०, जि० ६, पृ० २) का यह अनुमान ठीक है कि 'पताई' पावापति का संक्षिप्त रूप है।

* के० हि० इ०, जि० ३, पृ० ३०६-१०; फरीदी, पृ० ६६-६७ फरिश्ता, जि० ४, पृ० ६६-७०; रॉस, पृ० २७-३१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इक्कीसवें पद्य में फिर लिखा है कि इमादल ने महमूदशाह की आज्ञा से [चम्पक पुर (चाँपानेर ?)] में एक सुदृढ़ दुर्ग और बावड़ी बनवाई। यहाँ दुर्ग से तात्पर्य चाँपानेर के चारों ओर की उस बाहरी दीवार और विशेष परकोटे से है जिसको बनवाने के लिए महमूद ने आज्ञा दी थी।*

पद्य सं० २२–२५ में बागूलाधिपति का वर्णन है जिसका नाम जयदेव था (पद्य २२)। इमादल ने उसकी सेना को पूर्णतः पराजित कर दिया था। तेईसवें पद्य में रायदुर्ग विजय का उल्लेख है। यह राय (राजा) का दुर्ग सम्भवतः इसी (जयदेव) राजा का था। चौबीसवें पद्य में फिर किसी किले पर विजय प्राप्त करने का वर्णन है। यहाँ पर यह स्पष्ट नहीं है कि ये सब पद्य पावागढ़ के राजा ही के विषय में हैं जिसका नाम जयदेव था और जिसको पावागढ़ के शिलालेख का जयसिंहदेव बताया जाता है अथवा बागूलाधिपति जयदेव के विषय में जो पावागढ़ के राजा से भिन्न व्यक्ति था। पूर्व पक्ष को मान लेने के लिए पद्य २३ में प्रयुक्त 'दिग्विजय' शब्द ही साधक है। सम्भव है पावागढ़ की विजय को ही 'दिग्विजय' कहा गया हो। क्योंकि इसे अब तक कोई भी गुजरात का सुलतान पूर्ण नहीं कर सका था। फिर, यही एक ऐसा हिन्दू राज्य था जो अब तक स्वतन्त्र बना हुआ था। इस दलील में तो कोई सार नहीं है कि चम्पकपुर विजय का उल्लेख एक ही बार किया गया है और फिर नहीं किया गया क्योंकि २५ वें पद्य में फिर 'पावक'का उल्लेख मौजूद है। यह प्रश्न तब तक ठीक-ठीक हल नहीं हो सकता जबतक कि बागूला का पता न लगा लिया जावे। शायद यह उस भू भाग का दूसरा नाम हो जिस पर चांपानेर का राजा राज्य करता था। सम्भव है, पासही के प्रदेश बागड़ से भिन्न नाम रखने के लिये ही ऐसा किया गया हो अन्यथा यह 'बागलान' हो जो गुजरात और दक्षिण† के बीच में एक छोटी-सी राजपूत रियासत थी। मुसलमान लेखकों द्वारा बागूला का कहीं उल्लेख नहीं किया गया है।

छब्बीसवें पद्य में, जो ठीक ठीक नहीं पढ़ा जा सका है, दधिपद्र (आधुनिक दोहाद) के सुन्दर किले का उल्लेख है। यह किला इमादल मुल्क द्वारा शक सम्वत् १४१० व विक्रम

* बाम्बे गेजे०, जि० १, भा० १, पृ० २४७; बर्ड पृ० २१२; बेले (तबकाते अकबरी, पृ० २१०)। यह विचारणीय है कि यद्यपि 'मीराते अहमदी' का लेखक 'मीराते सिकन्दरी' के आधार पर ही चलता है परन्तु 'सिकन्दरी' में इसका कोई उल्लेख नहीं है। कैं० हि० इ०, जि० ३, पृ० ६१२और pt. 25; Beley (बेले) ने पृ० २१२ पर एक नोट में लिखा है कि 'यह ऊपरवाला 'राजप्रासाद' मालूम होता है। स्पष्ट ही दिखाई पड़ता है कि ऊपर के किले के अवशेषों की बनावट मुसलमानी ढंग की है। यह महमूद बेगड़ा द्वारा बनवाया हुआ बताया जाता है जिसने इसका नाम 'मान महेश' रक्खा था। देखिए 'बॉम्बे गजेटियर' जि० ३, पृ० १६०

† यह दक्षिण सम्भवतः पल्लिदेश (वर्तमान गोधरा तालुका) के बहुत समीप है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सम्वत् १५४५ में बनवाया गया था। इक्कीसवीं पंक्ति में इमादल मलिक द्वारा किसी खास दिन जीर्णोद्धार कराए जाने का उल्लेख है। यह तिथि और दिन अब नहीं पढ़े जा जा सके हैं।

इस (२६ वें) पद्य में हमें एक नई ही सूचना मिलती है। किसी भी मुसलमान इतिहासकार ने, दधिपद्र (दोहाद) के दुर्ग के निर्माण अथवा जीर्णोद्धार का श्रेय महमूद अथवा उसके साथियों को जिनके कार्यों का विस्तृत वर्णन मीरात-सिकन्दरी* में मिलता है, नहीं दिया है।

इस शिलालेख में महमूद की १४९० ई० (जब यह उत्कीर्ण हुआ था) तक की सभी महत्वपूर्ण विजयों का उल्लेख है परन्तु इसमें सिन्ध, जगत और द्वारा (द्वारका) के हमलों को छोड़ दिया है जो क्रमशः १४७२ और १४७३ ई० में हुए थे।†

लेख की ११, १३, १५–१७, २० और २१ वीं पंक्तियोंमें क्रमशः (१) इमादल (२) इमादल मलिक (३) 'वीर' इमादल, (४) इमादुल मुल्क और (५) इमादुल मलिक नामक व्यक्ति के कार्यों का उल्लेख है।

पहली (११वी) पंक्ति का सन्दर्भ स्पष्ट नहीं है। (इससे) ऐसा प्रतीत होता है कि उसे (इमादल को) 'देश रक्षा', (सम्भवतः नये जीते हुए चांपानेर राज्य की रक्षा) के लिए नियुक्त किया गया था। दूसरी (१३ वीं) पंक्ति के अनुसार मलिक इमादल ने पल्लिदेश को जीत कर वहाँ एक किला बनवाया था। तीसरे, उसने चम्पकपुर में एक किला बनाया था। और चौथे, इमादुल मुल्क ने दधिपद्र दुर्ग के सम्बन्ध में एक दान किया और अन्त में मलिक इमादल ने अपने अधीनस्थ उसी दुर्ग का (?) जीर्णोद्धार कराया (मलिक ?)

प्रसंग देखने से ये सब कार्य एक ही व्यक्ति इमादुल मुल्क द्वारा सम्पन्न हुए जान पड़ते हैं। प्रस्तुत शिलालेख में इन कार्यों का वर्णन 'देश रक्षा' पर नियुक्ति से लेकर शक सम्वत् १४१० में दधिपद्र दुर्ग के जीर्णोद्धार तक तिथि क्रमानुसार लिखा गया है।

यह इमादल मुलक और इमादुलमुल्क‡एक ही हो सकता है जो कि प्रधान मन्त्री के समकक्ष ही एक पद होता था। महमूद के समय में इस तरह के तीन¶ इमादुल-मुल्क हुए (१) इमादुल मुल्क शा' बान, (२) इमादुल मुल्क हाजी सुलतानी और (३) उसका पुत्र बूद। पहले इमादुलमुल्क ने महमूद की उस षड्यन्त्र के विरुद्ध सहायता की जो उसके तख्त पर बैठते समय हुआ था। बूद वह व्यक्ति था जिसकी सहायता से महमूद ने चांपानेर आदि स्थानों पर विजय प्राप्त की और दधिपद्र (दोहाद) का किला बनवाया

---

* देखिये—फरीदी पृ० ७८-८८; बेले पृ० २३८ इतिहासकारों ने इमादुल-मुल्क मलिक आईन का नाम लिखा है जिसने आईनपुरा बसाया। यह अहमदाबाद का बहुत सुन्दर कस्बा है। परन्तु, दधिपद्र और दोहाद एक है अतः इस सूचना से विशेष काम नहीं चलता है।

† कै० हि० इ०, जि० २, पृ० ३०६-०७

‡ प्रिन्स ऑफ़ वेल्स म्यूजियम के श्री ज्ञानी के मतानुसार।

¶ कै० हि० इ०, जि० ३, पृ० ३०४ व ३०९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तथा उसका जीर्णोद्धार कराया क्योंकि उसका पिता हाजी सुलतानी चाँपानेर की चढ़ाई* के पहले ही मर चुका था ।

इस शिलालेख में अहम्मदपुर, चम्पक (पद्र), चम्पकपुर, दधिपद्र नामक स्थानों, गूर्जर, मालवक, दम्मण और बागूला के अधिपतियों; पावक और जीर्ण (?) दुर्गों तथा रैवतक पर्वत के नाम आये हैं ।

जिस प्रसंग में अहम्मदपुर का नाम आया है वह स्पष्ट नहीं है । अधिक सम्भव यही है कि इससे अहमदाबाद ही का तात्पर्य है जिसको अहमदशाह ने प्राचीन नगर आशावाल†के स्थान पर बसाया था । यहाँ पर उसी के बसाये हुए अहमदनगर‡का प्रसंग इसलिये ठीक नहीं बैठता कि महमूद द्वारा वहाँ पर बनवाई हुई किसी भी इमारत का उल्लेख नहीं मिलता है; जब कि अहमदाबाद में उसने चाँपानेर विजय करने के बाद ही बहुत-सी शानदार इमारतें,¶ नगर के चारों तरफ एक दोबार व बहुत-सी बुर्जें बनवाई थीं ।

चम्पक (पद्र) अथवा चम्पकपुर ही आधुनिक चाँपानेर है जिसके प्राचीन गौरव का इतिहासकारों ने§ बखान किया है । महमूद की बनवाई हुई कितनी ही इमारतों के खण्डहर अब भी चाँपानेर में मौजूद हैं । इनमें से गढ़ (राज प्रासाद) का परकोटा, बुर्जें, दरवाजे, राहदारी के थाने, मस्जिदें और छतरियाँ मुख्य हैं । सबसे बढ़ कर जामा मस्जिद है ।||

दधिपद्र और दोहाद एक ही हैं । इसका शब्दार्थ है 'दधि पर बसा हुआ पद्र (गाँव)। दधि से तात्पर्य है दधिमती नदी जिसके किनारे आजकल दोहाद** बसा हुआ है ।

---

* कै० हि० इ०, जि० ३, पृ० ३०९

† कै० हि० इ०, जि० ३, पृ० ३००

‡ बर्ड, पृ० १९०

¶ कै० हि० इ०, जि० ३, पृ० ६१२; जि० ४, पृ० ७०

§ आईन-ए-अकबरी (अबुल फज़ल) जि० २, पृ० २४१-२४२

|| इस मसजिद और दूसरी इमारतों के लिए देखिए—आर्कियालाजिकल सर्वे, वेस्टर्न इण्डिया, भा० ६, पृ० ४१ (Arch. Surey West India, Vol. VI, P. 41 and Pts, LVI, LVI II,LXI, and XIV; and C. H I. Vol. III, 612-13 and Pt. XXV और कै० हि० इ०, भा ३, पृ० ६१२-१३

** पौराणिक आधार पर इसका नाम दध्येश्वर महादेव के कारण दधिपुर का नगर था । दध्येश्वर महादेव दधिमती नदी पर स्थित है । नदी का नाम दधिमती इसलिए पड़ा कि दधीचि ऋषि यहां पर रहते थे । इन आधारों पर दधिपद्र नाम ही अधिक संगत जान पड़ता है । दधिपुर नगर तो बाद में शिव की पुरातनता बताने के लिए नाम रख लिया जान पड़ता है ।

[इस गाँव का स्थानिक उच्चारण 'देवद' या 'दहिवद' है जो ठीक 'दधिपद्र' का अपभ्रंश है । मुसलमानों ने अपने जिह्वा–वैक्लव्य के कारण इसको 'दाहोद' या दोहाद कह कर बोलना शुरू किया और उसी तरह लिखना प्रारंभ किया और फिर जिसका अनुकरण इग्रेजों ने किया–जिन विजय ।]

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दोहाद से प्राप्त हुए जयसिंह और कुमारपाल के समय के शिलालेखों* में भी दधिपद्र शब्द का प्रयोग मिलता है।

मुसलमान इतिहासकार दोहाद में दुर्ग निर्माण के जिस प्रश्न को पूर्णतया हल नहीं कर सके थे वह प्रस्तुत शिलालेख से हो जाता है। उदाहरणार्थ, मीराते अहमदी के लेखक ने एक जगह† लिखा है कि दोहाद की व्यापारी मण्डी की पहाड़ियों में अहमदशाह ने एक किला बनवाया, दूसरी जगह‡ इसके बनवाने का श्रेय मुजफ्फर (द्वितीय) को दिया गया है। परन्तु, मीरात-ए-सिकन्दरी के कर्त्ता का अभिप्राय है कि धमोद और दोहाद एक ही स्थान के नाम हैं और दोहाद का किला अहमद (प्रथम)* ने बनवाया तथा मुजफ्फर ने मालवा जाते हुए १५१४† ई० में इसका जीर्णोद्धार कराया।

हमारे शिलालेख के प्रसंग से ज्ञात होता है कि दधिपद्र में किला तो पहले ही मौजूद‡ था परन्तु वह टूटी-फूटी दशा में था। इसका जीर्णोद्धार¶ महमूद (प्रथम) के समय में मलिक इमादल ने कराया। सम्भवतः यह किला अहमद (प्रथम) का ही बनवाया हुआ था, जैसा कि ऊपर बताया गया है।

हम ऊपर लिख चुके हैं कि बागूला या तो फरिश्ता§ द्वारा उल्लिखित 'बगलान' है अथवा अबुल फजल|| व अन्य ग्रन्थ कर्ताओं के मतानुसार "बागलान" है। फरिश्ता का कहना है कि यह 'सूरत' के पास का प्रदेश है; दूसरे लोगों का मत है कि यह सूरत और नन्दरबार के बीच का पहाड़ी और घनी आबादी वाला प्रदेश था। आजकल के नासिक जिले** का एक भाग जो बागलान कहलाता है वह इस वर्णन से मिलता है। मुसलमान इतिहासकारों के मतानुसार इस स्थान के शासक राष्ट्रकूट वंश के थे। ये लोग और कन्नौज††के राठौड़ एक ही थे। इन लोगों की वंशपरम्परागत उपाधि 'बहरजी' थी जो

* इण्डियन एण्टिक्वेरी, जि० १०, पृ० १५६

† बर्ड, पृ० १६०

‡ बर्ड, पृ० २२२

* 'दोहाद का एक थान का कोट खिचवाया जो पहाड़ियों के बीच में था'। फरीदी, पृ० १७

† फरीदी, पृ० ६६

‡ दधिपद्रे रुचिरतरं दुर्गं वै—प० १६

¶ उद्धरेत् प० २१

§ ब्रिग्स, जि० ४, पृ० १९ ब ३०

|| आईन ए अकबरी (ग्लैडविन), जि० २, पृ० ७३। इस का उल्लेख सर्वप्रथम, Bombay Gaz. Vol. XVI, p. 188; Vol. VII, p. 65 and 189 में किया गया है।

** Bombay Gaz. Vol. XVI, p. 399.

†† बर्ड द्वारा उल्लिखित 'मोआसिरुल उमरा' (उमरावों का इतिहास) पृ० १२२-इसका यह कथन विश्वसनीय नहीं है कि 'जमीदार के पास.....देश चौदह सौ वर्ष से कब्जे में था।'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शायद मसूदी* के मतानुसार कन्नौज के राज्यवंश की उपाधि 'बड़राह' से मिलती है। इन लोगों का कहना है कि इस प्रदेश में सात दुर्ग थे जिनमें से मुल्हेर और सालेर के किले असाधारणतया दृढ़† थे।

बहुत पहले ही से बागलान दक्षिण और गुजरात के समुद्री किनारे पर बीच का स्थान रहा है। तेरहवीं शताब्दी के अन्त में गुजरात के अन्तिम हिन्दू शासक कर्ण ने यहीं पर शरण ली थी। इसके बाद भी यह स्थान गुजरात के और दक्षिण के सुलतानों के बीच लड़ाई का कारण रहा है। कभी इस पर एक का अधिकार होता था तो कभी दूसरे का, और कभी कभी यह दोनों ही के अधिकार से निकल कर स्वतन्त्र हो जाता था। प्रस्तुत शिलालेख में भी गुजरात के सुलतानों की किसी ऐसी ही विजय से अभिप्राय है जिसका मुसलमान इतिहासकारों ने उल्लेख नहीं किया है। यह विजय उन्होंने दौलताबाद के सूबेदार मलिक वागी और मलिक अशरफ बन्धुओं की १४८७ ई० की जीत से पहले प्राप्त की होगी।

पल्लीदेश के विषय में प्रसङ्ग स्पष्ट नहीं है परन्तु इतना अवश्य विदित होता है कि इस नाम के देश में इमादल ने एक किला बनवाया था। आजकल के गोधरा तालुका‡ में एक स्थान है जो पाली कहलाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि इस प्रदेश के प्राचीन नाम पल्लीदेश के आधार पर ही इस स्थान का यह नाम चला आ रहा हो। शिलालेख में वर्णित पल्लीदेश को राजपूताने¶ का प्रसिद्ध जिला पाली मानने के लिए प्रसङ्ग की संगति ठीक नहीं बैठती है क्योंकि चाँपानेर विजय करते समय महमूद ने उसी भूखण्ड पर अधिकार किया होगा जो आजकल गोधरा ताल्लुका के अन्तर्गत है और जो उस समय पल्लीदेश के नाम से प्रसिद्ध था। राजपूताने में महमूद ने कोई विजय प्राप्त नहीं की। हाँ, जूलवाडा और आबूगढ़§ के राजाओं से कर वसूल करने के लिये मारवाड़ के साँचोर और जालोर जिलों पर आक्रमण करने का उसने मनसूबा अवश्य किया था। इस हमले का कार्य इमादु-

---

* जैसा कि 'बाम्बे गजेटियर' भा० १६, पृ० १८४ नोट ८ में लिखा है।

† इनमें से बहुत से अब भी मौजूद हैं। (बाम्बे गजेटियर, भा० १६, पृ० ४००) बहुत सी पहाड़ियों पर सीधी चट्टानें खड़ी हैं और बहुत सी पहाड़ियों पर परकोटे खिचे हुए हैं। इनमें से बिल्कुल पश्चिम में बम्बई प्रदेश का सालेर और इससे करीब दस मील पूर्व में मुल्हेर का किला मुख्य है।

‡ रिवाइज्ड लिस्ट अन्टिक्वेरियन रिमेन्स, बाम्बे प्रेसि०, पृ० ९८

¶ जोधपुर राज्य में; देखिए–राजपूताना गजेटियर (इम्पीरियल गज़ट इण्डिया, प्राविन्शियल सिरीज) पृ० २०३; हेमचन्द्राचार्य ने भी अपने द्वयाश्रय महाकाव्य के सर्ग २० पद्य ३३ में पल्लिदेश का उल्लेख किया है परन्तु उसका अभिप्राय भी राजपूताने के तन्नामक प्रदेश से है।

§ ब्रिग्स, जि० ४, पृ० ६४; कै० हि० इ०, जि० ३, पृ० ३०६, बेले पृ० २०६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ल्मुल्क और क़ैसरख़ाँ के आधीन किया गया था। परन्तु, इसमें सन्देह है कि यह हमला कभी हुआ भी था या नहीं। इसके विपरीत यह कहा जाता है कि महमूद के अधिकार में गोधरा नाम का एक अलग ही प्रान्त था जिसका सूबेदार कुवाम-उल-मुल्क था*। कुछ भी हो, इस (पल्ली) देश में दुर्ग-निर्माण का प्रश्न इस स्थान पर हल नहीं हो सकता है।

पावकदुर्ग (१६) ही पावागढ़ का पहाड़ी किला है जो बम्बई प्रान्त के पंचमहाल जिले में गोधरा से २५ मील दक्षिण में और सड़क द्वारा बड़ौदा† से २६ मील पूर्व में स्थित है। यहाँ के शासकों के एक शिलालेख में इसका नाम पावागढ़ भी दिया है।‡

महमूद से पहले अहमदशाह और उसके पुत्र महम्मदशाह ने इस दुर्ग को लेने के लिए प्रयत्न किये थे परन्तु वे सफल नहीं हुए। एक लम्बे घेरे के बाद १४८४ ई० के नवम्बर मास में इस किले पर हमला करने और इसके दरवाजे तोड़ देने में सफलता मिली। कहते हैं कि पहाड़ी पर अधिकार प्राप्त करने के बाद महमूद ने ऊपर और नीचे के दोनों किलों¶ में रक्षकों के दल को और भी मजबूत कर दिया और वहाँ पर महमूदाबाद नामक शहर बसाया जो महमूदाबाद चाँपानेर§ भी कहलाता था। प्रस्तुत शिलालेख में इन कार्यों की ओर इतना ही कह कर लक्ष्य किया है कि महमूद ने उस देश पर राज्य किया।

जीर्ण (दुर्ग) से आधुनिक जूनागढ़ का अभिप्राय नहीं है बल्कि यहाँ पर बनाये गये किलों में से एक का है जिनका हाल मुसलमान इतिहासकारों ने लिखा है और दूसरे शिलालेखों में भी जिनका उल्लेख मिलता है। उक्त आधारों से विदित होता है कि १५वीं शताब्दी में यहाँ पर दो किले|| और एक शहर था। शहर का नाम सम्भवतः गिरिनगर** था जैसा कि इससे पूर्व क्रमशः दूसरी†† और आठवीं‡‡ शताब्दियों में मिलता है। शहर का किला जो दामोदर घाट¶¶ के किनारे पर गिरनार (रैवत पर्वत) की ढाल पर बना

* ब्रिग्स, पृ० ६२

† बाम्बे गज़ेटियर, जि० ३, पृ० १८५ नो० १

‡ वही; पृ० २१७ नो० ३,४

¶ पावागढ़ की पहाड़ी और किले का नकशा देखिये, बाम्बे गजे०, जि० ३, पृ० १६६,

§ फरिश्ता, जि० ४, पृ० ७; बर्ड, पृ० २१२; फरीदी, पृ० ६७; कै० हि० इ०, जि० ३, पृ० ३१०

|| फरीदी, पृ० ५२, ५४; बर्ड पृ० २०८

** ब्रिग्स (फरिश्ता), जि० ४, पृ० ५२, ५३ "महमूदशाह.....गिरनाल देश की ओर (चला) जिसकी राजधानी का भी यही नाम था।"

†† रुद्रदामन का शिलालेख, ब्रिग्स, जि० ८, पृ० ४५

‡‡ जयभट्ट का दानपत्र (इण्डि० एण्टि०, भा० १३, पृ० ७८ पंक्ति १९)

¶¶ ब्रिग्स, जि० ४, पृ० ५३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हुआ है जीर्णदुर्ग,* झिझ्झरकोट† अथवा जूनागढ़‡ कहलाता था। इसीको शायद आजकल ऊपरकोट¶ कहते हैं। वास्तव में, यह परकोटे से घिरा हुआ राजमहल था। यह मुग़लों की गढ़ियों जैसा था और सम्भवतः इसको गिरनार के चूड़ासमा राजाओं ने बनवाया था। दूसरा किला पहाड़ के ऊपर बना हुआ था§ और अब उसके कोई भी चिह्न अवशिष्ट नहीं हैं। इस पर्वत का प्राचीन नाम रैवत अथवा ऊर्जयन्त (उज्जयन्त) से बदल कर गिरिनगर के आधार पर गिरनार होना और शहर का नाम जीर्णदुर्ग अथवा जूनागढ़ में बदल जाना सम्भवतः १५ वीं शताब्दी के बाद की बात है।

रैवतक गिरनार पर्वत का ही दूसरा नाम प्रतीत होता है। इसी स्थान पर मिले हुए एक शिलालेख में इस पर्वत का नाम ऊर्जयत‖ लिखा है। स्कन्दगुप्त** के लेख में ये दोनों ही नाम मिलते हैं। फ्लीट साहब का मत है कि गिरनार की दो पहाड़ियों में से एक का नाम रैवतक है न कि खास गिरनार††ही का। इसके बाद १३०० ई० तक का कोई शिलालेख सम्बन्धी प्रमाण अबतक‡‡प्राप्त नहीं हुआ है। इसके बाद के शिलालेखों में रैवत

---

* मल्लदेव का चोरवाड़ का लेख वि० सं० १४४५ (रिवाइज्ड् लिस्ट एण्टि० रिमेन्स बाम्बे प्रेसि०, पृ० २५०; ब्रिग्स, जि० २१, परिशिष्ट पृ० १०३ सं० ७३१; थेपक राजा मेहरा के हथसनी के लेख; इण्डि० एण्टि०, भा० १५, पृ० ३६०; वही० भा० १९, परि० पृ० ९८

† रिवाइज्ड् लिस्ट बाम्बे प्रेसि०, पृ० ३६१ लेख क्र० ३५ पंक्ति ६

‡ ब्रिग्स, जि० ४, पृ० ५३

¶ यह हिन्दू ढंग का बना हुआ और सम्भवतः १३वीं अथवा १४वीं शताब्दी का है या इससे भी पहले का हो सकता है। (आर्कियालॉजिकल सर्वे वेस्टर्न इण्डिया, भा० २, पृ० १५)

§ फ़रिश्ता (ब्रिग्स, जि० ४, पृ० ५३) "पहाड़ पर.....दृढ़तम किला"।

‖ रुद्रदामन का लेख (ब्रिग्स, जि० ८, पृ० ४२)

** गुप्तकालीन लेख, कॉ० इं० इं०, भा० ३, पृ० ६०

†† वही पृ० ६४ नो० १; "ऊर्जयत् अथवा गिरनार के सामने का पहाड़।" परन्तु 'बाम्बे गजेटियर' जि० ८, पृ० ४४१–४२ में लिखा है कि रेवतकुण्ड (जो दामोदर कुण्ड भी कहलाता है) के ठीक ऊपरवाले पर्वत को ही रेवताचल कहते हैं। इसका नाम रेवताचल, राजा रेवत के नाम पर पड़ा है। कहते हैं कि अपनी पुत्री रेवती का विवाह श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलदेव के साथ करने के बाद राजा रेवत द्वारका से गिरनार आकर रहने लगा था। भागवतपुराण के स्कन्ध १० अध्याय ५२ में इस कथा का उल्लेख है। वहाँ रेवत को आनर्तराज लिखा है परन्तु यह नहीं लिखा है कि वह गिरनार जाकर रहने लगा था।

‡‡ जौनपुर के ईश्वर वर्मन् के शिलालेख में रेवतक का उल्लेख है। गुप्तकालीन लेख कॉ० इं० इं०, भा० ३, पृ० २३०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

और उज्जयन्त‡ पर्वत को एक ही बताया गया है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि पूर्व समय में गिरनार की दो भिन्न-भिन्न पहाड़ियों के नाम रैवत और उज्जयन्त थे परन्तु बाद में वे एक ही पर्वत¶ के नाम हो गए। अतः प्रस्तुत शिलालेख में उल्लिखित रैवतक से उस पर्वत का अभिप्राय है कि जिस पर मन्दिर आदि बने हुए हैं और जो गिरनार के नाम से प्रसिद्ध हैं।

---

‡ देखो नेमीनाथ के मन्दिर से प्राप्त लेख सं० १४ (रिवाइज्ड लिस्ट बाम्बे प्रसि०, पृ० ३५५) और मल्लदेव का चोरवाड़ का लेख पृ० २५०। माण्डलिक राजा के एक लेख में दोनों नाम हैं परन्तु यह स्पष्ट नहीं है कि ये दोनों नाम एक ही के हैं अथवा भिन्न भिन्न पर्वतों के। (पृ० ३४७-४८)

¶ बाम्बे गजेटियर, भा० ८, पृ० ४४१ "जैन लोग कभी कभी गिरनार को ही रेवताचल कहते हैं, परन्तु यह ग़लत है।"

शिलालेख का पद्य विवरण

पद्य सं०	१, १०, २६	आर्या
,,	३, ११, १२, १६ से १८, २०, २२, २३	अनुष्टुप्
,,	५, ६	इन्द्रवज्रा
,,	४, १३, १४, १५, २५	उपजाति
,,	२	स्रग्धरा
,,	७ से ९, १९, २१, २४	शार्दूलविक्रीडित

राजविनोद महाकाव्य में वर्णित प्रसिद्ध व्यक्तियों एवं स्थानों आदि की सूची

अङ्गाधिप ४. ४.
अर्जुन २. १७.
अल्पषा (खा) न २. ५.
अहंमद १. २९., २. १०, १३, १४, ३१; ३. ३३; ४. ३३; ५. ३५; ६. ३६; ७. ४३.
इन्द्र ४. २०.
इन्द्रप्रस्थ २. ८.
उदयराज ७. ४१.
ऐरावत ४. ९.
कच्छ २. ३.
कान्यकुब्ज ४. १८.
कर्ण १. १३; २. १७, २६; ४. २६; ५. ३३.
कर्णाटक ४. ८.
कर्णाट ७. २८, २९.
कलिंग ४. ६.
कामरूप (देशपति) ४. १३.
काश्मीर ३. ५; ७. ३५.
काश्मीर मण्डलपति, ४. २०.
कृष्ण २. २.
कुंभकर्ण ४. १२.
गायासदीन १. २९; २. १४, ३१; ३. ३३; ५. ३५; ६. ३६; ७. ४३.
गूर्ज्जर २. २०; ४. ६; ७. ३४, ३५.
गर्ज्जर क्षमापति १. २९; २. ३१; ३. ३३; ४. ३३; ५. ३५; ६. ३६; ७. ३४, ४३.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गूर्ज्जरपातसाह ४. २२.
गूर्ज्जरदेश २. २.
गौडचूडामणि ७. २६.
गौडेश्वर ७. २६.
गङ्गा ४. २.
ढिल्लीपुरी ४. १८.
ढिल्लीपति ७. २६.
त्रिलिङ्ग ४. ७.
दक्षिणनृप ४. १०; ७. २६.
दिल्लीपुर (पुरी) २, २; ४. १८.
द्वारावती ७. ३७.
धारापुरी २. २०.
नन्दपदाधिनाथ २. ६.
नेपालमण्डलपति ४. १६.
पल्लिवन २. ६.
पश्चिमवारिराशि २. ३.
पावकगिरि २. १८.
पाण्डच् ४. ३.
पुष्पपुर ४. १४.
प्रयागपति ४. १५.
प्रयागदास ७. ४१.
बलि १. १३.
भरत २. १७.
भारत २. १७.
भीम २. २६.
मल्लखान २. ८.
मथुराधिप ७. २७.
मथुराधिनाथ ४. १७.
महमूद १. २, ३, ५, ७, ६, १०, ११, २४, २८, २६; २. २०, २२, २६, २६, ३१; ३. ६, १०, १३, १६, १७, २१, २२, २६, २६, ३३; ४. २३, ३२, ३३; ५. ३४, ३५; ६. २२, २३, ३४, ३६; ७. १, २, १२, १४, १५, २८, ३८, ४०, ४३.
महम्मद (प्रथम) १. २६; २. ६. ३१; ३. ३३; ४. ३३; ५. ३५; ६. ३६; ७. ४३.
महंमद (द्वितीय) १. २६; २. १५, १६ २०,३१; ३. ३३; ४. १७,३३; ५. ३५; ६. ३४,३६; ७. ४३.
महाराष्ट्र ७. २८.
महाराष्ट्रपति २. १२.
मागधेन्द्र ४. १४.
* मण्डप २. ११.
मण्डपक्ष्मापति ७. २७.
मालव ७. २८, २६,
मालवराज २. ५.
मालवमण्डलेश ४. ११.
मालवमण्डल २. ११.
मुबफ्फर १. २६; २. १.३१; ४. १८; ३३. ५. ३५; ६. ३६.
मुद्गलाधिप ४. २२.
मेदपाट ७. २६, २८.
यमुना ४. १५.
रत्नपुराधिराज ४. ५.
रामदास ७. ४१.
लाट ७. २६.
लङ्कापति ४. ८; ७. १४.
लङ्काद्वीप २. ४.
वरुण ४. २०.
वङ्गनृपति ४. २; ७. २८.
विन्ध्यराट् ७. २७.
सरस्वती १. २, ५; ४. ३२.
सिन्धुपति ४. २१.
सिंहलभूमिपाल ४. ६.
शकक्षितिभुज ७. २६.
शूरसेनदेशपति ४. १६.
हुशङ्गसाह २. ११.

* मांडू

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

प्रकाशित ग्रन्थ

१ प्रमाणमञ्जरी – तार्किकचूड़ामणि सर्वदेव । २ यन्त्रराजरचना: – राजाधिराज जयसिंहदेवकारिता । ३ कान्हडदे प्रबन्ध – महाकवि पद्मनाभ क्यामखांरासा – नवाब अलफखां (कविवर जान) । ५ लावारासा – चारण क गोपालदान । ६ महर्षिकुलवैभवम् – विद्यावाचस्पति स्व. श्री मधुसूदनजी ओझ ७ वृत्तिदीपिका – मौनि कृष्णभट्ट । ८ राजविनोदकाव्य – कवि उदयराज ।

प्रेस में

त्रिपुराभारतीलघुस्तव – सिद्धसारस्वत लघुपण्डित । २ बालशि व्याकरण – ठक्कुर संग्रामसिंह । ३ करुणामृतप्रपा – महाकवि ठक्कुर सोमेश्वरदे ४ पदार्थरत्नमञ्जूषा - पं. कृष्णमिश्र । ५ शकुनप्रदीप – पं. लावण्यशर्मा । ६ उ रत्नाकर - पं. साधुसुन्दर गणी । ७ प्राकृतानन्द - पं. रघुनाथ कवि । ८ ई विलासकाव्य - पं. कृष्णभट्ट । ९ चक्रपाणिविजयकाव्य – पं. लक्ष्मीधर भट्ट । काव्यप्रकाश - भट्ट सोमेश्वर । ११ तर्कसंग्रहफक्किका - क्षमाकल्याण गणी । कारकसंबन्धोद्योत – पं. रभसनन्दी । १३ शृंगारहारावलि – हर्षकवि । १४ कृ गीतिकाव्यनि – कवि सोमनाथ । १५ नृत्यसंग्रह – अज्ञातकर्तृक । १६ नृत्य कोश – महाराजाधिराज कुम्भकर्णदेव १७ नन्दोपाख्यान – अज्ञातकर्तृक । चान्द्रव्याकरण – चन्द्रगोमी । १९ शब्दरत्नप्रदीप – अज्ञातकर्तृक । २० रत्नको अज्ञातकर्तृक । २१ कविकौस्तुभ – पं. रघुनाथ मनोहर । २२ एकाक्षरकोशसं विविधकविकर्तृक । २३ शतकत्रयम् – भर्तृहरि, धनसारकृतव्याख्यासह । वसन्तविलास – अज्ञातकर्तृक । २५ दुर्गापुष्पांजलि – म. म. पं. दुर्गाप्रसाद द्विवेदी २६ दशकन्ठवधम् – म. म. पं. दुर्गाप्रसादजी द्विवेदी । २७ गोराबा पदमिणी चऊपई – कवि हेमरतन । २८ बांकीदासरी ख्यात – महाकवि बांकीदास २९ मुंहता नैणसीरी ख्यात – मुंहता नेणसी । इत्यादि ।

प्राप्तिस्थान—संचालक, राजस्थान पुरातत्त्वान्वेषण मन्दिर, जयपुर ।

पुस्तक के मुद्रक—राजस्थान टाइम्स प्रेस लि० अजमेर
मुखपृष्ठादि के मुद्रक—श्री धनपतराय शर्मा, हनुमान प्रेस, चौड़ा रास्ता, जयपुर ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org